ajaybharatrajasthan@gmail.com
मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित
e-paper:- www.ajaybharat.com

दैनिक
# अजय भारत

धौलपुर
शनिवार 8 अगस्त 2026
वर्ष: 13, अंक: 132
पेज:08, मूल्य 2.00 रुपये



P5

# मैं हर सांसद के साथ खड़ा हूं, चिंता करने की जरूरत नहीं, हम साथ है : पीएम मोदी

## पीएम की एनडीए के 45 नए सांसदों के साथ बैठक

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने एनडीए के 45 नए लोकसभा सांसदों के साथ शुक्रवार को पीएम आवास पर ब्रेकफास्ट मीटिंग की। इनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे। ममता की पार्टी टीएमसी का साथ छोड़कर 20 बागी सांसद नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए थे। वहीं शिवसेना के 6 सासंद भी शिंदे गुट के साथ आ चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम ने इन सांसदों से कहा कि एनडीए



एक परिवार है। हम सहयोगी दलों के साथ हैं। हर व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। मैं एनडीए के हर सांसद के साथ खड़ा हूं। आपको किसी के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

ममता बनर्जी का साथ छोड़ने वाले टीएमसी के 20 बागी सांसद लोकसभा में अलग बैठ रहे हैं। 15 जून को तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया से विलय कर लिया था। वहीं 22 जून को उद्धव का साथ छोड़कर 6 सांसद शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। ये सांसद भी अब शिंदे गुट के साथ संसद में बैठ रहें हें। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हुआ था जो 13 अगस्त तक चलेगा। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में 22 जून को फिर बगावत हुई थी। लोकसभा के कुल 9 में से 6 सांसद पार्टी से अलग होकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए थे। लोकसभा में अब शिंदे के सांसदों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है।

# पटना-एक्सीडेंट में युवक की मौत पर बवाल

**10 गाड़ियां फूंकीं, ट्रैफिक पुलिस चौकी जलाई, हाईवे जाम**

## 9 थानों की फोर्स मौके पर

**अजय भारत न्यूज**

**पटना।** पटना में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद हालात बेकाबू हो गए। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास शुक्रवार सुबह की है, जहां तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने उस बस को आग लगा दी।

फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन भीड़ ने उसे रोक दिया। इसके बाद हालात और बिगड़ते चले गए। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन तनाव और बढ़ गया।

गुस्साई भीड़ ने 2 पुलिस गाड़ियों, बसों और बाइक समेत करीब 10 वाहनों में आग लगा दी। ट्रैफिक पुलिस पोस्ट जला दी। नेशनल हाईवे-30 पर जाम लगा दिया। पत्रकारों से मारपीट की। मौके पर 9 थानों की पुलिस तैनात की गई है।



पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ दिया है। ट्रैफिक व्यवस्था बहाल कर दी गई है। अब प्रशासन आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि जिन लोगों ने तोड़फोड़, आग लगाने की घटना को अंजाम दिया है, उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज कॉर्नर

### पीडीपी को बनाया जा रहा निशाना : महबूबा मुफ्ती

**अजय भारत न्यूज**

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को गंभीर आरोप लगाया। मुफ्ती ने बताया कि उन्हें और उनकी पार्टी को दक्षिणपंथी लोगों द्वारा इसलिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि पीडीपी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए को बहाल करने की मांग कर रही है। महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि पुलिस ने उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती को वर्दीधारी पुलिसकर्मी पर कथित हमले के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। श्रीनगर शहर के कोठीबाग पुलिस स्टेशन में 5 अगस्त को एक एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें इल्तिजा मुफ्ती पर आरोप है कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की, जब वह अनुच्छेद 370 को हटाने की सातवीं बरसी पर विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। पीडीपी कार्यकर्ताओं का एक समूह इल्तिजा मुफ्ती के साथ कोठीबाग पुलिस स्टेशन जाने की कोशिश कर रहा था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया, जबकि इल्तिजा मुफ्ती शुक्रवार को पुलिस स्टेशन गईं।

महबूबा मुफ्ती ने पत्रकारों से कहा कि चूंकि पीडीपी एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो अनुच्छेद 370 और 35ए को बहाल करने की मांग कर रही है, इसलिए यह दक्षिणपंथी आरएसएस और भाजपा का मुख्य निशाना बन गई है। उन्होंने कहा हमारी पार्टी को तोड़ने की हर कोशिश की गई। हमें परेशान और डराया-धमकाया गया। क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए विरोध प्रदर्शन नहीं किया? हमारे विरोध को ही क्यों रोका गया? जिन लोगों ने अनुच्छेद 370 को हटाने में मदद की और जो लोगों की मौजूदा दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं, वे आज बेनकाब हो गए हैं।

## अमूमन




# थाईलैंड- 9वीं के छात्र ने 8 लोगों की हत्या की



## घर में दादा-दादी को मारा, फिर स्कूल में फायरिंग की, बाद में आत्महत्या की

**अजय भारत न्यूज**

**थाईलैंड।** थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को 9वीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। छात्र ने खुद को भी गोली मार ली और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। स्कूल पहुंचने से पहले ही छात्र ने घर में दादा-दादी की हत्या कर दी थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए। फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। फिलहाल पुलिस हमले की वजहों की जांच कर रही है।

# भारत ने अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

## डिजिटल कंट्रोल सिस्टम से लैस, 4000ड्ढ्ढ की रेंज तक निशाना लगा सकती है

**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल टेस्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस मिसाइल के सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल पैरामीटर्स को चेक किया गया, जो पूरी तरह सफल रहे। यह टेस्ट स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड की निगरानी में किया गया।

इसमें एडवांस्ड एवियोनिक्स और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम हैं, जिनकी मदद से यह हाई एक्युरेसी के साथ 4000 चरू की रेंज तक निशाना लगा सकती है। यह भारत में बनी एक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है।

**अग्नि-4 में स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल**

DRDO के मुताबिक, अग्नि-4 में कई स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इनमें कंपोजिट रॉकेट मोटर, डिजिटल कंट्रोल सिस्टम और हाई-परफॉर्मेंस ऑनबोर्ड कंप्यूटर शामिल हैं। इन टेक्नोलॉजी की मदद से मिसाइल की सटीकता और संचालन रेंज पहले से बेहतर हुई है। अग्नि-4 भारत के मिसाइल में अग्नि-2 और अग्नि-3 के बीच की क्षमता के अंतर को पूरा करती है।




# हिमाचल में 10-11 अगस्त को भारी बारिश का अलर्ट

**द्रंग में 2 मकानों में दरारें, कार मलबे की चपेट में आई**

चंडीगढ़-मनाली, मंडी-पठानकोट हाईवे समेत 162 सड़कें बंद हो गई है। हालांकि, सुबह 10 बजे तक चंडीगढ़-मनाली और मंडी-पठानकोट को बहाल कर दिया है। मंडी के द्रंग और पधर क्षेत्र में लगातार बारिश के बीच शुक्रवार को



## किन्नर कैलाश यात्रा रोकी

**अजय भारत न्यूज**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन दिन बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस ज्यादा स्ट्रांग होकर बरसेगा। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए 10 और 11 अगस्त को राज्य के कुछेक भागों में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। 10 अगस्त को कांगड़ा व सिरमौर और 11 अगस्त को चंबा, मंडी, कुल्लू व सिरमौर जिला में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।

अन्य जिलों में मध्यम से तेज बारिश का यलो अलर्ट दिया गया है। खासकर ऑरेंज अलर्ट वाले जिला में लोगों को नदी नालों और लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की एडवाइजरी दी गई है। बीती रात भी राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। इससे ब्यास नदी का वाटर लेवल बढ़ा है और जगह-जगह लैंडस्लाइड की घटनाएं देखने को मिली। बरोट-घटासनी मार्ग पर गुराहला में पहाड़ी से गिरे मलबे की चपेट में पर्यटकों की कार आ गई। अच्छी बात यह रही कार में सवार दोनों टूरिस्ट सुरक्षित बाहर निकल गए।

वहीं मंडी के द्रंग स्कूल के सपीम आज मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे का निर्माणाधीन डंगा गिर गया। इससें दो भवनों को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि प्रशासन ने खतरे को भांपते हुए इन्हें पहले ही खाली करवा दिया था। दोनों प्रभावित परिवार अब किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं।

HIGHLIGHTS NEWS

## हाईलाइट्स न्यूज

### बॉलीवुड



**मिथुन चक्रवर्ती की सर्जरी हुई, हाथ में लगी प्लेट निकाली गई**

**कोलकाता।** सीनियर एक्टर और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की गुरुवार को सर्जरी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार सुबह कोलकाता के एक निजी अस्पताल में मिथुन चक्रवर्ती से मिलने पहुंचे। न्यूज एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, मिथुन चक्रवर्ती की गुरुवार को एक सर्जरी हुई, जिसमें उनके शरीर में पहले लगाई गई धातु (मेटल) की प्लेट को निकाला गया। यह प्लेट एक पुराने हादसे के बाद लगाई गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि सर्जरी सफल रही।

### स्पोर्ट्स



**पुलवामा के ओवैस बुल्गारिया में एमएमए चैम्पियन बने**

**श्रीनगर।** कश्मीर के पुलवामा जिले के रहने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर ओवैस याकूब ने बुल्गारिया में 'BRAVE CF 107' प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज की। विदेशी धरती पर खिताबी जीत के बाद के उस भावुक पल को याद करते हुए ओवैस बताते हैं, 'जब मैं बुल्गारिया में लड़ रहा था, तब परिवार और दोस्त साथ नहीं थे। वहां मौजूद दर्शक अपने पसंदीदा स्थानीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे थे। जब मैंने खिताब जीता, तो अपनी कश्मीरी 'काराकुली टोपी' और कुर्ता पहन लिया, ताकि मैं कश्मीर को सकूं।'

### मौसम



**दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश, नोएडा में एंबुलेंस फंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को तेज बारिश हो रही है। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे जाम लग गया है। नोएडा के सेक्टर-95 में एक एंबुलेंस पानी में फंस गई। गुरुवार को द्वारका सेक्टर-25 में तेज बारिश के दौरान एक युवक खुले नाले में गिरकर तेज बहाव में बह गया। 7 घंटे तक रेस्क्यू अभियान के बावजूद युवक नहीं मिला। उत्तराखंड में लगातार बारिश से अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी समेत छह नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं।

# हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला, यमन के 58 सैनिकों की मौत



**अजय भारत न्यूज**

**नई दिल्ली।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब और यमन में एक साथ बड़े हमले किए। पहला हमला यमन सरकार के मिलिट्री ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हुआ, जिसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हो गए। यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सही समय और सही जगह पर जवाब दिया जाएगा। दूसरा हमला सऊदी के नजरान में हुआ, जिसमें 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी, एक यमनी, दो मिस्री, एक पाकिस्तानी नागरिक है। वहीं, एक 4 साल का एक बच्चा भी घायल हुआ है। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई।

यमन के हूती विद्रोहियों के ताजा हमले सिर्फ वहां के गृहयुद्ध तक सीमित नहीं हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के साथ हूती भी हमले तेज कर रहे हैं। इसकी वजह ईरान और हूतियों के बीच लंबे समय से बने रिश्ते हैं।

हूती (अंसार अल्लाह) यमन का शिया विद्रोही संगठन है। 2014 में उसने राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। तब से वह यमन की सरकार और सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ लड़ रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों का आरोप है कि ईरान हूतियों को हथियार, ड्रोन और मिसाइल तकनीक मुहैया कराता है।

जब भी अमेरिका या इजराइल ईरान पर सैन्य दबाव बढ़ाते हैं, हूती अपने हमले तेज कर देते हैं। इसका मकसद विरोधी देशों को एक साथ कई मोर्चों पर उलझाए रखना होता है, ताकि ईरान पर पड़ने वाला दबाव कम किया जा सके।

**खास खबर** | **राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक**

# प्रत्येक गांव को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किए जाये : हरिभाऊ बागडे

## नशामुक्त, टीबी मुक्त और विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर/बांसवाड़ा।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान, नशा मुक्त भारत अभियान तथा शिक्षा की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। राज्यपाल ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक पहुंचाने तथा आमजन को व्यापक रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी की दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों की नियमित निगरानी और समुचित उपचार पर विशेष ध्यान देने को कहा।



राज्यपाल बागडे ने नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए जिले की प्रगति की जानकारी ली और प्रत्येक गांव को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता गतिविधियों को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाए तथा अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान की सफलता के लिए सरकारी कर्मचारियों को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज के सामने सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के विषय पर चर्चा करते हुए शैक्षणिक स्तर को मजबूत करने के लिए प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल परीक्षा परिणामों का प्रतिशत बढ़ाने के बजाय विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, समझ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने जिले में संचालित मां बड़ी केन्द्रों पर कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, रचनात्मक एवं अन्य व्यवहारिक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सोच विकसित करने और उनकी मजबूत शैक्षणिक नींव तैयार करने के लिए नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जानी चाहिए। इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे ने सर्किट हाउस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्ष भी लगाया।

# पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की के बीच मक्का में रक्षा समझौता



अजय भारत न्यूज

**सऊदी अरब।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, तीनों देशों के नेताओं-सऊदी अरब के मोहम्मद बिन सलमान, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने एक सम्मेलन के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत तीनों देशों ने किसी एक सदस्य देश पर सशस्त्र हमले को सभी पर हमला मानने और रक्षा सहयोग को सभी स्तरों पर बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। सऊदी अरब और पाकिस्तान में डिफेंस पैक्ट पहले से ही है, जिसके अनुसार, दोनों में से किसी भी देश के खिलाह्यह्यफ़ आक्रामकता को दोनों देश अपने ख़िलाफ़ लेंगे। अब इस पैक्ट में तुर्की भी शामिल हो गया है। सऊदी अरब के पास वित्तीय ताक़त है. पाकिस्तान के पास परमाणु क्षमता, बैलिस्टिक मिसाइलें और मानव संसाधन हैं जबकि तुर्की के पास सैन्य अनुभव है और उसने एक रक्षा उद्योग विकसित किया है। यह समझौता ऐसे समय हो रहा है, जब इन तीनों क्षेत्रीय शक्तियों के बीच सहयोग लगातार गहरा रहा है। पश्चिम एशिया में पाकिस्तान और भारत का रुख़ बिल्कुल अलग है। भारत इसराइल का दोस्त है, जबकि पाकिस्तान इसराइल के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करता है। तुर्की के साथ पाकिस्तान की दोस्ती को भी भारत के हक में नहीं देखा जाता है।

खास खबर — नेता विपक्ष के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप

# हरियाणा मुख्यमंत्री सैनी को परोसा बासी घेवर





अजय भारत न्यूज

**चंडीगढ़।** डिब्बे में बगैर निर्माण तिथि तथा वैधता की जानकारी दिए गए घेवर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा उनके परिवार तथा अन्य के सामने परोसने से रोक दिया गया। सीएम के टीम में शामिल अधिकारी ने रोककर जब उसकी वैधता की जानकारी ली तो मिठाई बनाने वाले ने कहा यह दो से चार घंटे तक ही शुद्ध रहता है। जिसके बाद हड़कंप मच गया और प्रशासनिक अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगा जांच कराने को कहा। इसके बाद कई जिलों में फूड एंड सेफ्टी विंग की ओर से छापेमारी आरंभ कर दी गई है। अब उन्हें यह लगा है कि गुणवत्ता मानक के बगैर बना घेवर तथा अन्य मिठाई आम लोगों के लिए कितना घातक है।

### मथुरा गए थे सीएम सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी पत्नी सुमन सैनी तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता तथा अन्य के साथ बुधवार को मथुरा स्थित वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए निकले थे। उनके कार्यक्रम में पलवल जिला के होडल स्थित डबचिक पर्यटन स्थल पर रुककर नाश्ता करने के बाद मीडिया से भी बातचीत करना था। मेन्यु में घेवर भी दर्ज था। परोसे जाने से कुछ ही देर पहले मुख्यमंत्री की टीम में से एक अधिकारी घेवर डिब्बे की जांच की तो उसमें उत्पादन और वैधता तिथि नहीं दर्ज थी, जो अनिवार्य है। जिसके बाद घेवर को परोसने से रोक दिया गया।

### 500 से अधिक सैंपल लिए

वहीं दो दिन के अंदर गुरुग्राम, पलवल , फरीदाबाद , सोनीपत सहित कई जिलों में मिठाई की दुकानों छापेमारी की पांच सौ से अधिक सैंपल लिए गए। हालांकि, सैंपल की रिपोर्ट जब तक आएगी सावन में होने वाले त्योहार निकल गए होंगे और हजारों की संख्या में लोग घेवर खा चुके होंगे।

बड़ा सवाल है कि आम जन के स्वास्थ्य को लेकर जिम्मेदार क्यों नहीं अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।



## सड़कें बनीं 'स्विमिंग पूल', जलभराव से थमी रफ्तार

**दिल्ली-एनसीआर।** में शुक्रवार सुबह से बारिश का दौर जारी है। दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद में कई जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने दिल्ली में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

# रूस-चीन से जंग हुई तो छोटे एटम बम इस्तेमाल होंगे



अजय भारत न्यूज

**अमेरिका।** चीन और रूस से बढ़ते तनाव को देखते हुए अपनी परमाणु नीति बदलने की तैयारी कर रहा है।

पेंटागन ऐसी रणनीति बना रहा है, जिसमें बड़े परमाणु हथियारों के साथ ह्यह्यछोटे एटम बम (टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियार) भी इस्तेमाल का विकल्प होंगे। जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल दुश्मन के सैन्य ठिकानों या सीमित युद्ध में किया जा सकेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन के नीति प्रमुख एल्ब्रिज कोल्बी इस नई नीति पर काम कर रहे हैं।

उनका मानना है ह्यकि अभी राष्ट्रपति के पास या तो बड़े परमाणु हमले का विकल्प है या फिर कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करने का। नई रणनीति में बीच का रास्ता निकाला जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर छोटे परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर दुश्मन को रोका जा सके।

### टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियार क्या हैं?

टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियार कम क्षमता वाले होते हैं।

इन्हें पूरे शहर को तबाह करने के बजाय युद्ध के मैदान में दुश्मन के सैन्य ठिकानों, एयरबेस, मिसाइल लॉन्च साइट, टैंक फॉर्मेशन या सैनिकों की तैनाती जैसे सीमित लक्ष्यों पर इस्तेमाल करने के लिए बनाया जाता है।

# दुनिया भर के लोगों में एक दिन के लिए पहुँचने की होड़



अजय भारत न्यूज

**स्पेन।** बात उत्तरी स्पेन के बुर्गोस प्रांत में बसा छोटा सा गाँव अवेलेनोसा डे मुन्यो की यहाँ एक बार है जो कभी नहीं खुलता और एक शराब का गोदाम है जो अब कभी नहीं खुलेगा। लेकिन अगर आप ध्यान से सुनें, तो एक धीमी धुन सुनाई देने लगती है. तेज़ गर्मी की धूप में झुलसी लैवेंडर की झाड़ियों के आस-पास मंडराती मधुमक्खियों की धीमी गूंज सुनाई देती है। उनके ऊपर पत्थर की छतों के बीच तेज़ी से उड़ती काली-सफ़ेद स्वैलो चिड़ियां की चहचहाहट लगभग ख़ाली सड़कों पर गूंजती है. घरों के बाहर किसी अकेले ट्रैक्टर की आवाज़ ही अक्सर इंसानी ज़िंदगी का एकमात्र धुंधला निशान होती है। ऐसा तब तक होता है, जब तक पास की बेकरी से एक साधारण सी सफ़ेद वैन हफ़्ते में एक बार यहाँ रहने वाले कुछ लोगों को ब्रेड पहुंचाने के लिए आती है. उस दौरान गांव की सुस्ती भरी शांति कुछ देर के लिए टूट जाती है। इन कुछ लोगों के लिए यही वह चीज़ है जो उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आकार देती है। एक ऐसी जगह जहाँ ज़्यादातर दिनों में असल में कुछ भी नहीं होता।

फिर भी इस गर्मी में यह गांव जो आम तौर पर सन्नाटे और ख़ालीपन के लिए जाना जाता है, दुनिया की सबसे रोमांचक जगहों में से एक बन जाएगा.

## भाई अबान की मिट्टी में शामिल होने के लिए अली और उमर को मिली पैरोल, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट ने भाई अबान अहमद की मिट्टी में शामिल होने के लिए जेल में बंद अली अहमद और उमर अहमद को पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को बुआ परवीन कुरैशी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र समंत ने दिया है। एक घंटे तक दोनों अपने छोटे भाई और परवीन कुरैशी से मिल सकेंगे। प्रशासन व्यवस्था करेगा। इसके बाद दोनों को सुरक्षित जेल पहुंचाएंगे। बता दें कि अली अहमद झांसी और उमर अहमद लखनऊ की जेल में बंद है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि दोनों भाई अपने दिवंगत भाई को अंतिम श्रद्धांजलि देना चाहते हैं और परिवार के साथ सीमित समय बिताना चाहते हैं तो इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था राज्य की जिम्मेदारी है। न्यायालय ने यह भी कहा कि वे जहां आवश्यक हो, वहीं नमाज अदा कर सकते हैं और प्रशासन को सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने होंगे। सुनवाई के दौरान अली अहमद झांसी जेल से और उमर अहमद लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। प्रारंभ में झांसी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में तकनीकी दिक्कत आने पर अदालत ने नाराजगी जताई। न्यायालय ने कहा कि केवल आवाज आ रही है, वीडियो क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। इसके बाद तकनीकी समस्या दूर करने के निर्देश दिए गए और सुनवाई आगे बढ़ी।


# राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले की आपराधिक जांच जारी



अजय भारत न्यूज

**अयोध्या।** हज़ारों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मंदिर में दान और चढ़ावे की व्यवस्था को लेकर उठे सवालों ने राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर भी बहस छेड़ दी है। चढ़ावा चोरी मामले की पड़ताल करते हुए बीबीसी ने दो ऐसे लोगों से बात की है जिन्होंने राम मंदिर में काम करते हुए दान और चढ़ावे की व्यवस्था को बेहद क़रीब से देखा है। इन दोनों लोगों ने जो कहा, एसआईटी की शुरुआती जांच में जो सामने आया और राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोग जो कह रहे हैं, ये सब मिलाकर देखें तो इस पूरे मामले की तस्वीर काफ़ी उलझी हुई नज़र आती है। इस पड़ताल में जिस पहले शख़्स से हमने बात की वो जो कुछ महीने पहले तक मंदिर के काउंटिंग रूम में काम करते थे. पहचान न ज़ाहिर करने की शर्त पर उन्होंने हमसे बात की उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जो नकद चढ़ावा दानपात्रों में डालते थे उसे काउंटिंग रूम में लाया जाता था और वहां नोटों की छंटाई होती थी. उसके बाद बैंक की काउंटिंग मशीन से उन नोटों की गिनती होती थी और उस पैसे को बैंक भेज दिया जाता था हमने इस शख़्स से पूछा कि क्या उन्होंने या उनके साथ काम करने वाले लोगों ने चढ़ावे की चोरी होते हुए देखी उन्होंने कहा, 'हमने देखा नहीं लेकिन कभी-कभी ऐसा महसूस हुआ कि कुछ गड़बड़ हो रही है. हमारे साथ काम करने वाले लोगों ने चोरी करने वालों को पकड़ा, कई बार शिकायत भी हुई और कहा गया कि सिक्योरिटी बढ़ाई जाए. जो इंचार्ज थे सुभाष श्रीवास्तव जी, उनसे शिकायत की गई थी. उन्होंने कहा कि ये प्रभु का धन है, प्रभु देख ही रहे हैं, इसमें हम और आप क्या कर सकते हैं. कौन सा हमारे आपके घर से जा रहा है इस मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने अपनी शुरुआती जांच में कहा कि सुभाष श्रीवास्तव मंदिर के गणना प्रभारी थे. वो उन आठ लोगों में शामिल थे जिन्हें 26 जून को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया हमने गिरफ़्तार किए गए आठों लोगों के वकील कुलशेखर सिंह से बात की उन्होंने कहा कि अभियुक्त सुभाष श्रीवास्तव के मुताबिक वह काउंटिंग रूम के इंचार्ज नहीं थे और उस कमरे में मौजूद नहीं रहते थे जहां नोटों और सिक्कों की छंटाई होती थी और जहां से पैसे की चोरी हुई. उनका दावा है कि वो सिर्फ़ उस कमरे में रहते थे जहां बैंक कर्मचारियों की मौजूदगी में पैसों की गिनती की जाती थी पहचान छिपाने की शर्त पर हमने काउंटिंग रूम के जिस पूर्व कर्मचारी से बात की उनका कहना है कि उन्हें पहली बार चोरी की जानकारी अपने साथियों से मिली थी उनका कहना है कि कुछ सहकर्मियों ने बताया था कि काउंटिंग प्रक्रिया के दौरान पैसे गायब किए जा रहे हैं. वो कहते हैं कि इसके बाद उनके कुछ साथियों ने काउंटिंग रूम में काम कर रहे कुछ लोगों पर नज़र रखनी शुरू की. इस शख़्स ने कहा कि काउंटिंग रूम के कुछ कर्मचारी नोटों को जूतों, जैकेटों या कपड़ों के भीतर छिपाकर बाहर ले जाते थे. उनके मुताबिक़ काउंटिंग रूम के कुछ ज़िम्मेदार लोग चोरियों को रोकने के प्रति गंभीर नहीं थे, जिससे अभियुक्तों को किस किस्म का कोई डर नहीं था.चढ़ावे की चोरी को लेकर हाल ही में उठा विवाद लगातार सुर्ख़ियों में है. लेकिन राम मंदिर परिसर के भीतर चढ़ावे के पैसे की गड़बड़ी की शिकायतें कुछ साल पहले भी उठी थीं. साल 2021 और 2022 के दौरान महिपाल सिंह राम मंदिर में काम करते थे और वहां का हिसाब-किताब देखते थे. उनका दावा है कि उन्होंने साल 2022 में मंदिर के चढ़ावे में पाँच लाख रुपये की गड़बड़ी का मामला पकड़ा था. महिपाल सिंह बताते हैं कि उस समय वह गिनती की प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे. उन्हें दिनभर की गिनती के आधार पर अनुमान था कि बड़ी राशि जमा हुई है, लेकिन शाम को जो आधिकारिक आंकड़ा बताया गया वह उन्हें कम लगा. महिपाल सिंह कहते हैं, 'सीसीटीवी लगे हुए थे, नीचे तख़्ते लगे हुए थे जिन पर सारा पैसा फैला दिया जाता था।

## एवरेस्ट से 30 साल बाद लाया जाएगा भारतीय पर्वतारोही मोरुप का शव



**माउंट एवरेस्ट।** की चोटी से कुछ ही दूरी पर बर्फ़ में 'ग्रीन बूट्स' के नाम से जाना जाने वाला एक शव पिछले 30 सालों से पड़ा हुआ है. यह उपनाम उस भारतीय पर्वतारोही को दिया गया था, जिसकी एक चट्टान के नीचे दबकर मौत हो गई थी. उनके पैरों में हरे रंग के जूते अब भी हैं. तब से ये जूते शिखर की ओर जाने वालों के लिए एक डरावना 'निशान' बने हुए हैं. अब भारत उसके शव को वापस लाने के लिए एक रेस्क्यू दल की तलाश कर रहा है. जब शव परिवार के पास पहुँचेगा तो शायद उन्हें इस दुख से कुछ हद तक उबरने में मदद मिले. 1996 में एवरेस्ट पर उत्तरी, तिब्बती हिस्से से चढ़ाई करने के भारत के पहले अभियान में शामिल होने के लिए रवाना होने से एक रात पहले दोरजे मोरुप ने लद्दाख स्थित अपने घर में अपनी पत्नी कोंचक यांग्सकिट के साथ समय बिताया. उन्होंने अपनी पत्नी से वादा किया कि वह एक हीरो बनकर लौटेंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगे. उनकी पत्नी यांग्सकित ने हिमालय के एक दूरदराज़ इलाके में अपने घर पर बीबीसी को बताया, 'उन्होंने मुझसे कहा था कि मैं बच्चों का ख्याल रखूं और उनके लौटने पर उनका स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट आऊं. वह कहती हैं कि उस वक्त उन्हें एक अजीब-सी अनहोनी की आशंका हुई थी. उन्हें लग रहा था कि पता नहीं वह उन्हें दोबारा देख भी पाएंगी या नहीं. उस साल 10 मई को मोरुप उन छह पर्वतारोहियों में शामिल थे, जो भारत के एवरेस्ट अभियान के तहत दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने की कोशिश कर रहे थे. एवरेस्ट नेपाल और चीन के शासन वाले तिब्बत क्षेत्र की सीमा पर स्थित है. ज्यादातर पर्वतारोही एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाली यानी दक्षिणी हिस्से का रास्ता चुनते हैं, क्योंकि उत्तरी यानी तिब्बती हिस्सा ज्यादा खड़ा और जोखिम भरा है.

# सिंगापुर में तेजी से बढ़ रही है हिंदुओं की आबादी

## सिंगापुर जनरल हाउसहोल्ड सर्वे के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में देश के धार्मिक स्वरूप में अहम हुए परिवर्तन




अजय भारत न्यूज

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता के लिए विश्व स्तर पर पहचाने जाने वाले देश में नया जनसांख्यिकीय बदलाव देखने को मिला है। सिंगापुर जनरल हाउसहोल्ड सर्वे के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में देश के धार्मिक स्वरूप में अहम परिवर्तन हुए हैं। इस सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि जहां एक तरफ कई प्रमुख धर्मों को मानने वालों की संख्या में कमी दर्ज की गई है, वहीं हिंदू आबादी और किसी भी धर्म को न मानने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।

### हिंदुओं की आबादी में इजाफा

सरकारी सर्वे के मुताबिक, 15 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी में हिंदू ही एकमात्र ऐसा प्रमुख धर्म है, जिसके अनुयायियों का प्रतिशत पिछले पांच वर्षों में बढ़ा है। वर्ष 2020 में सिंगापुर में हिंदुओं की कुल हिस्सेदारी 5.0 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई है, यानी इसमें 0.4 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके उलट, ईसाई, ताओ, इस्लाम और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के अनुपात में लगातार गिरावट आई है। आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे अधिक 1.8 प्रतिशत की कमी ईसाई आबादी में आई है, जबकि ताओ धर्म के अनुयायियों में 1.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

### धर्म से दूरी बनाने वालों की संख्या में सबसे तेज उछाल

इस जनसांख्यिकीय बदलाव का सबसे दिलचस्प और बड़ा पहलू यह है कि किसी भी धर्म में आस्था न रखने वालों नास्तिकों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ी है।

पिछले पांच सालों में ऐसे लोगों की हिस्सेदारी 20.0 प्रतिशत से बढ़कर 23.9 प्रतिशत हो गई है, जो कि 3.9 प्रतिशत की एक बड़ी छलांग है। सिंगापुर नेशनल यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर जैक चिया के अनुसार, इस नए ट्रेंड का सीधा सा अर्थ यह है कि अब सिंगापुर में लगभग हर चौथा नागरिक ऐसा है, जो खुद को किसी विशेष धार्मिक पहचान से जोड़कर नहीं देखता है।

### हिंदू आबादी के बढ़ने के मुख्य कारण

रिपोर्ट में सिंगापुर में हिंदू आबादी के बढ़ने के पीछे मुख्य रूप से प्रवासन और जनसांख्यिकीय संतुलन को कारण बताया गया है। पहला बड़ा कारण भारत से आने वाले हिंदू प्रोफेशनल्स की बढ़ती संख्या और उनके द्वारा वहां स्थायी नागरिकता प्राप्त करना है।

इसके अतिरिक्त, जन्म और मृत्यु दर का अंतर भी एक महत्वपूर्ण कारक है। हिंदुओं के बीच जन्म दर 7.3 प्रति हजार और मृत्यु दर 5 प्रति हजार है। यह आंकड़े स्थानीय चीनी समुदाय की तुलना में हिंदुओं की अधिक जन्म दर और कम मृत्यु दर को दर्शाते हैं।

### मूल धर्म में बने रहने का मजबूत रुझान

हिंदू आबादी की वृद्धि का एक और सबसे पुख्ता कारण उनकी अपने धर्म के प्रति दृढ़ता और उसे न छोड़ने की प्रवृत्ति है। सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि अपने धर्म में जीवन भर बने रहने (रिटेंशन रेट) के मामले में हिंदू समुदाय सबसे आगे है। करीब 97.0 प्रतिशत हिंदू अपने मूल धर्म का ही पालन करते हैं।

इस मामले में मुस्लिम समुदाय दूसरे स्थान पर है, जिनकी दर 96.1 प्रतिशत है। इसके बाद ताओ 91.7 प्रतिशत और बौद्ध 79.7 प्रतिशत का स्थान आता है।

वहीं, ईसाई धर्म में यह दर काफी कम पाई गई है, जहां कैथोलिक समुदाय में यह 65.9 प्रतिशत और अन्य ईसाई वर्गों में मात्र 41.9 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# राशिफल

## आज का राशिफल (08 अगस्त शनिवार )

**मेष :** आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। मनचाही खुशखबरी मिलने से घर और दोस्तों के बीच खुशी का माहौल रहेगा। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और रुके हुए काम भी तेजी से पूरे होंगे।

**वृषभ :** आज का दिन नई ऊर्जा और खुशियों से भरपूर रहेगा। किसी शुभ समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। परिवार, खासकर पिता का सहयोग आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

**मिथुन :** आज नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। व्यापार में सोच-समझकर लिया गया फैसला भविष्य में बड़ा लाभ दिला सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मित्रों के सहयोग से अच्छी खबर मिल सकती है।

**कर्क :** आज आत्मविश्वास आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। किसी खास व्यक्ति के साथ बिताया गया समय मन को प्रसन्न करेगा। परिवार से जुड़ी कोई बड़ी खुशी आपका गर्व बढ़ा सकती है। बच्चों और बुजुर्गों का साथ मानसिक शांति देगा।

**सिंह :** आज उत्साह और जोश आपके हर काम में दिखाई देगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सफलता के संकेत मजबूत हैं। व्यापार में अच्छी कमाई के योग बनेंगे। सकारात्मक सोच आपके लिए बंद दरवाजे भी खोल सकती है।

**कन्या :** आज किस्मत आपका अच्छा साथ देगी। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान और तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार का सहयोग आपके निर्णयों को और मजबूत बनाएगा।

**तुला :** आज खुशियों की सौगात आपके घर दस्तक दे सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और कार्यशैली विरोधियों को भी प्रभावित करेगी। अधूरे काम पूरे होंगे और व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका आत्मबल नई ऊंचाइयों पर रहेगा। नौकरी में पदोन्नति और आय बढ़ने के शुभ योग बन रहे हैं। परिवार का सहयोग हर कदम पर आपका हौसला बढ़ाएगा। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

**धनु :** आज प्रगति की नई राहें खुल सकती हैं। व्यापार में साझेदारी लाभदायक साबित होगी। इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन संतुलित खानपान भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा।

**मकर :** आज उन्नति के नए अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। निवेश से पहले सही सलाह लेना लाभदायक रहेगा। कीमती वस्तु या नया वाहन खरीदने का योग बन सकता है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ :** आज मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति हो सकती है। विद्यार्थी अपने संदेह दूर कर पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

**मीन :** आज लाभ और सम्मान दोनों आपके पक्ष में रहेंगे। आपका विनम्र स्वभाव लोगों का दिल जीत लेगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह आपको बड़ी सफलता की ओर ले जा सकती है।योजनाबद्ध तरीके से किया गया हर प्रयास भविष्य में शानदार परिणाम देगा।

# हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला



अजय भारत न्यूज

**ईरान।** समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब और यमन में एक साथ बड़े हमले किए। पहला हमला यमन सरकार के मिलिट्री ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हुआ, जिसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हो गए। यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सही समय और सही जगह पर जवाब दिया जाएगा। दूसरा हमला सऊदी के नजरान में हुआ, जिसमें 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी, एक यमनी, दो मिस्री, एक पाकिस्तानी नागरिक है।

वहीं, एक 4 साल का एक बच्चा भी घायल हुआ है।

हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई।

बॉलीवुड

## हाथ में लगी प्लेट निकाली गई, सीएम शुभेंदु ने अस्पताल जाकर हालचाल लिया



सीनियर एक्टर और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की गुरुवार को सर्जरी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार सुबह कोलकाता के एक निजी अस्पताल में मिथुन चक्रवर्ती से मिलने पहुंचे। मिथुन चक्रवर्ती की गुरुवार को एक सर्जरी हुई जिसमें उनके शरीर में पहले लगाई गई धातु (मेटल) की प्लेट को निकाला गया। यह प्लेट एक पुराने हादसे के बाद लगाई गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि सर्जरी सफल रही और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले फरवरी 2024 में मिथुन चक्रवर्ती को ब्रेन स्ट्रोक और सीने में दर्द की शिकायत के बाद कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय भी शुभेंदु अधिकारी अस्पताल पहुंचकर मिथुन चक्रवर्ती से मिले थे और उनका हालचाल जाना था।

क्रिकेट

## गॉल टेस्ट के लिए भारत की स्पिन पर खास तैयारी



श्रीलंका के स्पिनिंग ट्रैक पर जीत की तैयारी में भारतीय टीम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलंबो में गॉल जैसी टूटी-फूटी पिच बनवाकर बल्लेबाजों को अभ्यास कराया। गंभीर का कहना है कि पहले टेस्ट की शुरुआत तक टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैच शुरू होने से 11 दिन पहले (मंगलवार, 4 अगस्त) ही श्रीलंका पहुंच गई थी। कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब में टीम अब तक दो बार करीब तीन-तीन घंटे के अभ्यास सत्र कर चुकी है। शुक्रवार से भारत के खिलाफ तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच भी खेलेगा, जिससे खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों में ढलने का मौका मिलेगा।

## आगरा में सड़क धंसी, 20 फीट गहरा गड्ढा हुआ



अजय भारत न्यूज

**आगरा।** यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, नोएडा, जालौन, मिर्जापुर और संभल में बारिश हुई। संभल में नहर कट गई। पानी के तेज बहाव से करीब 8 फीट का हिस्सा बह गया। इससे 100 बीघा फसलें जलमग्न हो गईं। नहर के कटान को बंद करने के लिए 4 बुलडोजर लगाए गए हैं। नोएडा में अंडरपास में जलभराव के चलते एंबुलेंस फंस गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद लोगों ने धक्का देकर बाहर निकाला। आगरा में सड़क धंस गई और 20 फीट का गड्ढा हो गया। एक जर्जर मकान ढह गया। यह मकान कई सालों से बंद पड़ा था। मिर्जापुर में भी कच्ची सड़क बह गई। इधर, लगातार बारिश से नदियां भी उफान पर हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी में अब तक 50 एकड़ जमीन समा चुकी है। बलिया में सरयू नदी में 27 घर समा चुके हैं। फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई। 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया। वाराणसी में गंगा उफान पर है। 40 से 50 छोटे मंदिरों में बाढ़ का पानी घुस गया। रत्नेश्वर महादेव मंदिर आधे से ज्यादा डूब चुका है। आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इनमें 18 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है।

# गर्भवती महिलाओं की समय पर कम से कम चार प्रसवपूर्व जांच सुनिश्चित की जाए – डॉ. धर्म सिंह मीणा

### गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व सेवाओं को लेकर फील्ड स्टाफ का वीसी से किया आमुखीकरण

अजय भारत न्यूज



**धौलपुर ।** जिले में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सेवाएं उपलब्ध कराने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के निर्देश पर जिला स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फील्ड स्टाफ का आमुखीकरण किया गया। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .शिवकुमार शर्मा ने फील्ड स्टाफ को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच के मानकों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला स्तर से डीपीओ शशांक वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं का समय पर कम से कम चार प्रसवपूर्व जांच सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक विजिट के दौरान आवश्यक जांच एवं परामर्श को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान गर्भवती महिला की पिछली स्वास्थ्य एवं गर्भावस्था संबंधी जानकारी आवश्यक रूप से दर्ज करें। इसके साथ ही तापमान, नाड़ी, श्वसन गति, रक्तचाप, वजन एवं ऊंचाई की जांच के साथ पीलिया एवं पैरों में सूजन की जांच भी अवश्य करें। इस दौरान गर्भवती महिला की हीमोग्लोबिन, पेशाब में प्रोटीन एवं शुगर, एचआईवी जांच और रक्त समूह की जांच सुनिश्चित करने के बारे में जानकारी दी गई। आमुखीकरण के दौरान फील्ड स्टाफ को एएनसी के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच कराने, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने तथा किसी भी खतरे के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क करने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवाओं के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर आवश्यक उपचार एवं रेफरल की व्यवस्था की जा सकती है।

# शिक्षकों की कमी पर अतरसूमा स्कूल में तालाबंदी चार घंटे की वार्ता के बाद खुला ताला

अजय भारत न्यूज



बसेड़ी...विद्यालय पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते छात्र व ग्रामीण


**बसेड़ी।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अतरसूमा में शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापक के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में लंबे समय से कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार ज्ञापन देकर शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं होने पर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। ग्रामीणों ने पहले ही उपखंड अधिकारी और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) बसेड़ी को लिखित सूचना देकर तालाबंदी आंदोलन की चेतावनी दी थी।

तालाबंदी की सूचना मिलते ही सीबीईओ अमर सिंह मीणा, तहसीलदार चरण सिंह और बसेड़ी थाना प्रभारी बालकृष्ण चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ करीब चार घंटे तक वार्ता की, उनकी समस्याएं सुनीं और रिक्त पदों के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोल दिया, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां पुनः शुरू हो सकीं। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे गए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जाटव समाज अध्यक्ष रोशन लाल, सुरेंद्र सिंह तोमर, अंकुर सिंह, अटल बिहारी गोयल, माताप्रसाद, राजू सिंह, बच्चू, सुरेश, श्रीभगवान, निरोती लाल, रामस्वरूप, भीकम, श्यामलाल, योगेंद्र, शिवशंकर सिंह, राजू शर्मा, रामोतार, रामेश्वर, रतन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बूथों का निरीक्षण करने और वोटर लिस्ट को अपडेट करने के निर्देश



बाड़ी.. डीएम की बैठक में मौजूद अधिकारी।

### बाड़ी नगर पालिका चुनाव को लेकर कलक्टर एवं एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

अजय भारत न्यूज

**बाड़ी।** शहर के पंचायत समिति वीसी रूम में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीनिधी बीटी और एसपी विकास सांगवान ने नगर पालिका क्षेत्रो के उप निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक उप निर्वाचन अधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पुलिस अधिकारी एवं थाना अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में डीएम श्रीनिधि बीटी ने स्पष्ट निर्देश दिए की उप निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक उप निर्वाचन अधिकारी अपने नगर पालिका क्षेत्र से जुड़े बूथों का निरीक्षण करें और आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन होने के बाद हर क्षेत्र में कुछ नए नाम ऑफलाइन रूप से सामने आए हैं। ऐसे में उन नामो को भी वोटर लिस्ट में जोड़ा जाए और वोटर लिस्ट को पूरी तरह अपडेट किया जाए। क्योंकि नगर पालिका चुनाव का वोटर लिस्ट मुख्य आधार होती है। जो अलग-अलग वार्डो की बनाई जाएगी। इन्हीं वोटर लिस्ट के आधार पर नगर पालिका चुनाव कराए जाएंगे।

कलेक्टर बीटी ने नगर पालिका क्षेत्र से जुड़े चुनाव अधिकारियों को बताया कि वे अपने बूथों पर जाएं। वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। प्रत्येक बूथ पर छाया,पानी के साथ मतदाता और मतदान कराने वाली टीम से जुड़ी हर व्यवस्था होनी चाहिए। बूथ का रास्ता भी सुगम होना चाहिए। जिससे वहां टीम के साथ निरीक्षण करने वाले अधिकारी और पुलिस का जाब्ता सहजता से पहुंच सके और चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं हो।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करें। बूथों पर कितनी सुरक्षा जरूरी होगी इसको भी रिपोर्ट करें। जिससे सुरक्षा व्यवस्था को पूर्व से सुनिश्चित किया जा सके और अतिरिक्त कितना जाब्ता जरूरी होगा इसकी भी जानकारी हो सके। साथ में संवेदनशील अति संवेदनशील मतदान केदो की भी जानकारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एडिशनल एसपी श्रवण कुमार बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार, बाड़ी थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा, सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह, बसेड़ी थाना अधिकारी बालकृष्ण के साथ पीएमओ डॉ हरकिशन मंगल, उपखंड अधिकारी अमित

# गांव मई में बिजली शिविर आज

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर उपखंड बसेड़ी के गांव मई में 8 अगस्त को एक विशेष बिजली शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को घरेलू बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराना है, जिनके घरों में अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं है। सहायक अभियंता राहुल उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत मई और उसके अधीन आने वाले सभी राजस्व गांवों के पात्र परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

इच्छुक परिवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शिविर में नियमित, डीसी (डिस्कनेक्ट) और पीडीसी (परमानेंट डिस्कनेक्ट) श्रेणी के बकाया बिजली बिलों से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा।

ऐसे उपभोक्ताओं के प्रकरणों का समाधान आईजीआर कमेटी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी लंबित समस्याओं का

# जिले में 10 अगस्त को होगा राज तेजस कार्यशाला का आयोजन

### युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने की मिलेगी जानकारी

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर ।** जिले में नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 10 अगस्त को राज तेजस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की ओर से नगर परिषद टाउनहॉल में प्रातः 9.30 बजे शुरू होने वाली इस कार्यशाला में युवा, विद्यार्थी, स्टार्टअप संस्थापक और नवाचारकर्ता भाग लेंगे। संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग बलभद्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिले में उद्यमिता के माहौल को मजबूत करना और स्थानीय युवाओं को नवाचार आधारित व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना है। इससे जिले में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी और नए इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत जिला प्रशासन और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें विशेषज्ञ स्टार्टअप मान्यता, इनक्यूबेशन, वित्तीय सहायता, निवेश के अवसर, मेंटरशिप और नवाचार आधारित उद्यम स्थापित

# स्वस्थ मृदा, स्वस्थ वायु, जल एवं हरित आवरण में वृद्धि के लिए करें वृक्षारोपण

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** कृषि कार्मिक, कृषक एवं कृषि आदान विक्रेता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मृदा स्वास्थ्य, पर्यावरण, जलवायु, वायु प्रदूषण में विपरीत प्रभाव डालने के लिए जिम्मेदार है। हम सभी की एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह दायित्व बनता है कि आगामी पीढ़ी के लिए स्वस्थ मृदा, स्वस्थ वायु, जल एवं हरित आवरण में वृद्धि के लिए वृक्षारोपण करें। वृक्षारोपण के लिए यह उपयुक्त समय है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि कृषि कार्मिकों द्वारा 20 हजार पौधे लगाए जा रहे है। आदान विक्रेताओं एवं कृषकों की भी यह जिम्मेदारी है कि इस पुनीत कार्यों में यथा संभव सहयोग करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिष्ठान, डीलर अपने कार्यालय, गोदाम, सार्वजनिक परिसर, स्कूल, मोक्षधाम एवं उपलब्ध भूमि पर न्यूनतम 5-10 स्थानीय प्रजातियों के पौधे, जिसमें कम से कम एक पौधा पीपल या बरगद का लगाकर उनका संरक्षण सुनिश्चित करें, कृषि आदानों के विक्रय के दौरान किसानों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करें तथा एक किसान एक पौधा का संदेश प्रसारित करें, पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं देखरेख की व्यवस्था करें ताकि लगाए गए पौधे जीवित एवं विकसित हो सकें, प्रत्येक प्रतिष्ठान अपने द्वारा किए गए वृक्षारोपण का संक्षिप्त विवरण एवं छायाचित्र संबंधित कृषि ग्रुप में साझा करें। उन्होंने बताया कि अधिक वृक्षारोपण करने वाले विक्रेताओं को जिला स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा। पंचायत समितिवार कमेटी बनाकर स्थान चयन, पौधों की व्यवस्था, रखरखाव एवं अभियान के रूप में एक दिन में लगाने का कार्यक्रम बनाकर सभी को सूचित करें। सभी संबंधित विक्रेताओं से अनुरोध है कि पर्यावरण संरक्षण

# एबीवीपी ने छात्रसंघ चुनाव की बहाली को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अजय भारत न्यूज



धौलपुर..ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता

**धौलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय महाविद्यालय बसेड़ी में छात्रसंघ चुनाव की बहाली को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमे जिला संयोजक रघुराज सिंह परमार ने बताया छात्रसंघ चुनाव केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के नेतृत्व विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और उनके अधिकारों का सशक्त माध्यम है। पिछले कई वर्षों से छात्रसंघ चुनाव स्थगित होने के कारण विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार नहीं मिल पा रहा है। इससे छात्र हितों की आवाज कमजोर हुई है और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रभावी प्रतिनिधित्व नहीं रह गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्पष्ट रूप से मांग करती है कि राजस्थान सरकार शीघ्र छात्रसंघ चुनाव बहाल करे तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पुनः शुरू करे। यदि सरकार हमारी इस न्यायोचित मांग की अनदेखी करती है, तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं संबंधित प्रशासन की होगी।

हमारा आंदोलन किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध में नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। हम सभी विद्यार्थियों से आह्वान करते हैं कि वे इस संघर्ष में सहभागी बनें

# कोर्ट के बाहर तारीख पेशी पर आये लोगों पर हमले का मामला पांच आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अवैध शराब को लेकर भी कार्यवाही

अजय भारत न्यूज

**बाड़ी ।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने 3 अगस्त को कोर्ट परिसर के बाहर तारीख पेशी पर आए तीन लोगों से मारपीट और झगड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने अवैध शराब के मामले में दो स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे शराब 92 पव्वे बरामद किए हैं।

कोतवाली थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अवैध शराब के साथ सार्वजनिक स्थानों पर झगड़ा करने या उत्पात मचाने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई को लेकर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।

शहर में 3 अगस्त को दिन में 11 बजे कोर्ट में तारीख पेशी पर आए गांव सुखसिंह का पुरा के तीन लोगों पर लाठी,डंडों से गांव के ही कुछ लोगो द्वारा जमीन विवाद को लेकर हमला किया था। जिससे मौके पर भगदड़ मची थी साथ में लोगों में भय पैदा हुआ था। उक्त मामले को लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा थाने का रिपोर्ट दी गई। जिसमे पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में लिप्त पांच लोगों को मुखबिर की सूचना पर शहर की कृष्णा कॉलोनी सैपऊ रोड से पकड़ा है। गिरफ्त में आये आरोपियों के नाम रामअवतार पुत्र दाताराम गुर्जर, कृष्ण पुत्र रामअवतार गुर्जर, कृष्णकुमार पुत्र निहाल सिंह गुर्जर, बनवारी पुत्र मानपाल और सूबे पुत्र मानपाल गुर्जर है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस के एएसआई सुरेश चंद और टीम में शहर के 100 फुटा रोड पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आमिर खान पुत्र हामिद खान निवासी राणा खां बसेड़ी रोड़ के रूप में हुई है। जिसके पास से 38 शराब के पव्वे बरामद किए गए हैं। तीसरी कार्रवाई में एएसआई राजकुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर तुलसीवन रोड पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी शिवम पुत्र दिनेश वैश्य निवासी दमदमा पाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 54 घुघरू देशी शराब के पव्वे

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की सूचना जारी

अजय भारत

**धौलपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रथम सीट आवंटन से वंचित रहे अभ्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन फार्म में संशोधन करने तथा प्रवेश के लिए नवीन आवेदन प्रारम्भ तिथि 9 व 10 अगस्त तक राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल एसएसओ अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएगें। संस्थान में प्रवेश के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं सीट आवंटन की महत्वपूर्ण तिथियां प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत सूचनाएं एवं प्रवेश विवरणिका विभाग की बेवसाइट

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राधा गोविंद राजकीय महाविद्यालय में युवा मतदाताओं से किया संवाद

अजय भारत न्यूज

**जयपुर।** श्रीराधा गोविंद राजकीय महाविद्यालय, कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के अंतर्गत युवा मतदाताओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता जागरूकता तथा मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के आयुक्त राजेश्वर सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए लोकतंत्र में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, मतदान के अधिकार एवं दायित्व तथा जागरूक मतदाता की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने युवाओं से निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने तथा अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। सभी युवा आने वाले चुनाव में अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों का

# अलीगढ़ रोड नाले की कराई गई सफाई, जलभराव से राहत के लिए नगर पालिका की विशेष कार्रवाई

अजय भारत न्यूज

**बाड़ी।** नगर पालिका बाड़ी के अधिशाषी अधिकारी दीपक गोयल के निर्देशन में शहर में जलभराव एवं बंद पड़े नालों-नालियों की समस्या के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए नगर पालिका की सफाई टीमों को सक्रिय कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

अधिशाषी अधिकारी दीपक गोयल ने सफाई प्रभारी अंकित कुमार को निर्देशित किया है कि शहर में जलभराव, गंदगी एवं अवरुद्ध जल निकासी जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष टीमों का गठन कर विभिन्न क्षेत्रों में युद्धस्तर पर सफाई एवं जल निकासी का कार्य कराया जा रहा है।



इसी क्रम में संतनगर रोड पर जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए ट्रैक्टर पम्प मशीन के माध्यम से पानी की निकासी कराई जा रही है। वहीं अलीगढ़ रोड पर जेसीबी मशीन की सहायता से नालों की सफाई कर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जा रहा है, ताकि वर्षा का पानी बिना किसी बाधा के निकल सके और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि

# राजस्थान सरकार की उपलब्धि एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत खुदरा उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स अनिवार्य है। राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया को और सरल एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से अधिकतम आयु सीमा की शर्त को विलोपित कर दिया है। इससे अधिक से अधिक योग्य व्यक्ति इस प्रशिक्षण में भाग ले सकेंगे।

अब ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) तथा क्रय-विक्रय सहकारी समितियों (केवीएसएस) के व्यवस्थापकों के लिए विशेष रूप से 15 दिवसीय प्रमाण पत्र प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। कृषि आयुक्तालय के आदेशानुसार संबंधित जिले के केवीके, कृषि विश्वविद्यालय एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों पर 32 व्याख्यान ऑनलाइन तथा 10 प्रैक्टिकल ऑफलाइन के माध्यम से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

इससे संबंधित समितियों के उन व्यवस्थापकों को, जो अभी तक इस कोर्स से वंचित रहे हैं, शीघ्र प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि वे खुदरा उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र प्राप्त कर सकें। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक की उपलब्धता सुगम होगी, सहकारी समितियों का व्यवसाय सुदृढ़ होगा तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक समय पर मिल सकेगा। संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग एवं आयु सीमा हटाने की लंबे समय से मांग की जा रही थी

यह पहल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आपणो अग्रणी राजस्थान की भावना के अनुरूप है, जिसमें कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल के मार्गदर्शन में कृषि विभाग सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाकर व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुलभ बना रहा है। राज्य सरकार का यह कदम नियामकीय आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ साथ सहकारी समितियों के लिए व्यवसाय करने को आसान बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को

### मम्मरत के चलते आज रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**धौलपुर ।** 220 केवी जीएसएस धौलपुर के 33 केवी धौलपुर एवं डीसीसीपीपी चम्बल फीडर पर मरम्मत व रखरखाव का कार्य होने के कारण 8 अगस्त को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता 220 केवी जीएसएस धौलपुर संध्या चौहान ने बताया कि 8 अगस्त को 33 केवी धौलपुर फीडर के धौलपुर शहर, भामतीपुरा, लाल बाजार, पुराना शहर एवं जगन टॉकीज की प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा 33 केवी डीसीसीपीपी चम्बल फीडर के भरतपुर वाटर सप्लाई प्लांट और थर्मल डीसीपीपी टाउनशिप की प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या : AGC-EL-GSU-T-04-26 दिनांक - 05.08.2026

ई-निविदा सूचना

उप. मुख्य. विद्युत अभियन्ता, (गति शक्ति), एन.सी.आर, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ओन लाइन (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

टेंडर संख्या : AGC-EL-GSU-T-04-26 | कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 28431307.86/-

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : आगरा कैंट में शंटिंग नेक (BXN एंड) और पिट लाइन की व्यवस्था से संबंधित सामान्य विद्युत कार्य।


टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक, 27.08.2026 को 12:00 बजे तक टेंडर डाल सकते है।

समापन अवधि : 12 महीने

पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 12:00 बजे तक दिनांक 27.08.2026 तक टेंडर डाल सकते है। 1813/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

## आज का विचार



बिल्ली में पूर्ण भावनात्मक ईमानदारी होती है; इंसान किसी न किसी वजह से अपनी भावनाएं छुपा सकते हैं, लेकिन बिल्ली नहीं।

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे



मुझे बिल्लियाँ इसलिए पसंद हैं क्योंकि मुझे अपना घर अच्छा लगता है; और धीरे-धीरे वे मेरे घर की आत्मा बन जाती हैं।

■ जीन कोक्टो

## सम्पादकीय

# संसद में शब्दों पर जुबानी तकरार...!

**संसद के मॉनसून सत्र में कई बार चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों और सोशल मीडिया जैसी भाषा को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच भारी जुबानी तकरार देखने को मिली है। उनके भाषण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और 'अंधभक्त' जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर सत्तापक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने उन विवादित अंशों को सदन की कार्यवाही से हटाने का आदेश दिया। इसके बाद नहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को राज्यसभा में बुरी तरह से भड़क गए। उन्होंने कहा सत्ताधारी दल और आसंदी यह तय नहीं कर सकती है, सांसद क्या बोलें और क्या नहीं। उन्होंने कहा आसंदी तय नहीं कर सकती है, सांसद को किस तरह से अपनी बात रखनी है, आसंदी तय नहीं कर सकती है, वह जो चाहें वही सदस्य बोलें। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़े गुस्से में अपनी बात कही, उसके बाद सदन स्थगित हो गया।**

पिछले कुछ वर्षों से सदस्यों के बोलने के साथ ही लोकसभा या राज्यसभा की आसंदी सदस्यों को टोंकने लगती है। बार-बार टोंकने और भाषण के बीच ही सदस्य को रोका जाता है। रिकॉर्ड में नहीं जाएगा, इस तरह की टिप्पणी आसंदी से कई बार आ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से सांसदों को सदन में अभिव्यक्ति के विशेष अधिकार होने के बाद भी बोलने से रोका जा रहा है। आसंदी को अधिकार है, सदस्य ने यदि ऐसी कोई बात बोली है, जो असंवैधानिक और असंसदीय है, तो ऐसी बातों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया जाता था। अब सांसदों को सदन में बोलने ही नहीं दिया जा रहा है। राज्यसभा उच्च सदन है, अभी तक यह परंपरा रही है, जब भी कोई नया सदस्य पहली बार बोलता है, उसे रोका-टोका नहीं जाता है। सामान्यतः उसके लिए समय भी तय नहीं किया जाता है। यह माना जाता है, सदन में उसका पहला भाषण है। बुधवार को टीएमसी की नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉक्टर मेनिका गुरुस्वामी जब सदन में अपनी बात रख रहीं थीं, उन्हें बार-बार आसंदी से रोका गया, कहा गया, जो वह बोल रही हैं, उसे रिकॉर्ड में नहीं लिया जाएगा। वह सुप्रीम कोर्ट में जो न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने और नियुक्ति बिल पर बोल रहीं थीं। 2 मिनट भी उन्हें सदन में बिना व्यवधान के बोलने नहीं दिया गया। वह जब अपनी बात रख रही थी, तभी दूसरे सदस्य को बोलने के लिए आसंदी ने कह दिया। उपसभापति हरिवंश जी आसंदी पर बैठे थे, वह लंबे समय तक एक अखबार के संपादक रह चुके हैं। उन्हें संसद की सारी परंपराओं का ज्ञान है। उसके बाद भी उन्होंने जिस तरह से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य के पहले भाषण में ही उन्हें बोलने से रोककर 75 वर्ष पुरानी परंपरा को समाप्त किया है, यह चिंता का विषय है। गुरुवार को राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा बोल रहे थे। वह भी सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के पद बढ़ाने के अध्यादेश बिल पर बोल रहे थे। आसंदी ने उन्हें बोलने से कई बार रोका, उन्हें अपनी बात नहीं कहने दी। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है, पिछले कुछ वर्षों से लोकसभा और राज्यसभा की आसंदी से इसी तरह का व्यवहार विपक्षी सांसदों के साथ किया जा रहा है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सत्ता पक्ष द्वारा रोका गया। परम्परा है सदन के नेता और प्रतिपक्ष के नेता को बोलने से नहीं रोका जाता है। सत्ता पक्ष के सदस्य जो बोलते है। विपक्ष जब उसका जवाब देता है, आसंदी बोलने से रोकती है। यह पक्षपात साफ रूप से कार्यवाही में दिखता है। विपक्ष एक बार आसंदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी ला चुकी है। इसके बाद भी आसंदी से विपक्षी सांसदों के बोलने के साथ ही हो हल्ला रोक-टोक और तरह-तरह के व्यवधान उत्पन्न कर दिए जाते हैं। विपक्षी सांसद अपना पक्ष संसद के अंदर ना रख पाएं, यदि रख दिया है, तो उसे संसद की कार्यवाही से हटा दिया जाता है। अति सर्वत्र वर्जियेत की कहावत को चरितार्थ करते हुए सत्ता पक्ष और आसंदी द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष के बोलने पर भी रोक लगा दी जाती है। आम संसद सदस्यों की बात ही क्या है। संविधान ने संसद में सांसदों को विशेषाधिकार प्राप्त है। अब बोलने से पहले प्रमाण प्रस्तुत करने, विषय पर ही बोलने अथवा वह क्या बोले और क्या ना बोले यह तय करने का अधिकार आसंदी के पास नहीं है। पिछले कई वर्षों से विपक्षी दलों के सांसदों को सदन में बोलने नहीं दिया जाता है।

## आज का चिंतन

## कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय



तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे।

## माय ओपीनियन

■ - सुरेन्द्र शर्मा



# राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का महापर्व: हर घर तिरंगा अभियान

तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और 140 करोड़ भारतीयों के आत्मगौरव का प्रतीक है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और सपनों की अमूल्य विरासत है।'

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला हर घर तिरंगा अभियान आज देशभर में राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का एक महत्वपूर्ण पर्व बन चुका है। यह अभियान केवल घरों पर तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और गौरव की भावना को मजबूत करने का माध्यम बन गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ना, स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद करना और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। तिरंगा हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और देश निर्माण की जिम्मेदारी सभी की सामूहिक भागीदारी से ही पूरी हो सकती है।

वर्ष 2022 में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रारंभ हुए हर घर तिरंगा अभियान को देशभर में अभूतपूर्व समर्थन मिला। करोड़ों नागरिकों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और संस्थानों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। इस अभियान ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को एक नई ऊर्जा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान की। अब प्रत्येक वर्ष 9 से 15 अगस्त तक देशभर में यह अभियान उत्साह के साथ मनाया जाता है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक जनउत्सव का रूप दे दिया है। तिरंगा यात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ा जा रहा है।

भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और क्षेत्रों वाला देश है। इसके बावजूद तिरंगा पूरे देश को एक सूत्र में बांधने वाला सबसे मजबूत प्रतीक है। हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्र के तटों तक, गांवों से लेकर महानगरों तक, हर भारतीय के लिए तिरंगा समान गर्व और सम्मान का विषय है। तिरंगा हमें याद दिलाता है कि हमारी विविधताएं हमारी शक्ति हैं और भारतीयता हमारी सबसे बड़ी पहचान है। यह ध्वज केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, आशाओं और संकल्पों का प्रतिनिधित्व करता है।



> "भारत के राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा भी संघर्ष, विचार और राष्ट्रभावना से जुड़ी हुई है। वर्ष 1906 में राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक स्वरूप सामने आया। वर्ष 1907 में महान स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर फहराकर भारत की स्वतंत्रता की आवाज को विश्व तक पहुंचाया। वर्ष 1921 में पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया, जिसमें भारत की भावनाओं और आदर्शों को स्थान दिया गया था। लंबे विचार-विमर्श और परिवर्तन के बाद 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान स्वरूप वाले तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। तिरंगे के केंद्र में स्थित अशोक चक्र भारत की प्राचीन संस्कृति, न्याय और निरंतर प्रगति का प्रतीक है।"

भारत के राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा भी संघर्ष, विचार और राष्ट्रभावना से जुड़ी हुई है। वर्ष 1906 में राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक स्वरूप सामने आया। वर्ष 1907 में महान स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर फहराकर भारत की स्वतंत्रता की आवाज को विश्व तक पहुंचाया। वर्ष 1921 में पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया, जिसमें भारत की भावनाओं और आदर्शों को स्थान दिया गया था। लंबे विचार-विमर्श और परिवर्तन के बाद 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान स्वरूप वाले तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। तिरंगे के केंद्र में स्थित अशोक चक्र भारत की प्राचीन संस्कृति, न्याय और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। इसकी 24 तीलियां हमें दिन के प्रत्येक घंटे कर्म, अनुशासन और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

हमारे राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंग भारत के मूल विचारों और मूल्यों को दर्शाते हैं। केसरिया रंग साहस, त्याग, बलिदान और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। यह हमें राष्ट्रहित में समर्पण और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। सफेद रंग सत्य, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। यह समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। हरा रंग समृद्धि, विकास, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। यह भारत के सतत विकास और उज्ज्वल भविष्य की आशा को दर्शाता है। अशोक चक्र हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए निरंतर कर्म करते रहना आवश्यक है।

हर घर तिरंगा अभियान में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। युवा शक्ति देश का भविष्य है और इस अभियान के माध्यम से उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच का विकास हो रहा है। आज की युवा पीढ़ी तिरंगे के माध्यम से अपने इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय मूल्यों को समझ रही है। यह अभियान उन्हें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

आज भारत विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। यह लक्ष्य केवल आर्थिक प्रगति से पूरा नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यबोध, ईमानदारी और राष्ट्रहित की भावना से ही संभव होगा। हर घर तिरंगा अभियान यही संदेश देता है कि राष्ट्र निर्माण किसी एक संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का साझा संकल्प है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, समाज के प्रति जिम्मेदार बनते हैं और देश की प्रगति में योगदान देते हैं, तभी एक मजबूत

## फोकस

■ -श्रद्धा छेत्री



# मिस्र में आखिर क्यों पूजा जाता था बिल्लियों को



इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद दुनियाभर में बिल्लियों की दुर्दशा के बारे में लोगों को जागरूक करना, साथ ही उन्हें इस खास दिन के मौके पर बहुत सारा प्यार देना, ताकि उनके प्रति और लोग भी आकर्षित हों और समाज बिल्लियों के लिए एक बेहतर जगह बन सके।

हर साल 8 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय बिल्ली दिवस मनाया जाता है। इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर ने छोटे पैंथर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उसे सहायता प्रदान करने और उसका सम्मान करने के लिए 2002 में इस दिन की स्थापना की थी। इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद दुनियाभर में बिल्लियों की दुर्दशा के बारे में लोगों को जागरूक करना, साथ ही उन्हें इस खास दिन के मौके पर बहुत सारा प्यार देना, ताकि उनके प्रति और लोग भी आकर्षित हों और समाज बिल्लियों के लिए एक बेहतर जगह बन सके। अपने रहस्यमय आकर्षण से लेकर अपनी चंचल हरकतों तक, बिल्लियों ने इतिहास और हमारे जीवन में एक विशेष स्थान अर्जित किया है।

अक्सर बिल्लियों को अलग-थलग, शांत, भूखा, संवेदनशील और चिपचिपे छोटे रोएंदार प्राणी के रूप में देखा जाता है। हालांकि, एक बिल्ली कुछ भी हो सकती है। बिल्लियां हमारा तनाव कम करने में मदद करती हैं।जब वे हमारी गोद में बैठती हैं तो वे हमारी जांघों को अच्छी मालिश देती हैं। इस प्रकार हमें अपने जीवन में उनके योगदान को पहचानना और उसकी सराहना करनी चाहिए।

इंटरनेशनल फंड फॉर एनिमल वेलफेयर ने पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 2002 में यह दिन मनाया था। इस दिन का लक्ष्य बिल्लियों को दुर्व्यवहार से बचाना था। 2020 में इस दिन की देखरेख इंटरनेशनल कैट केयर को सौंपी गई। यह ब्रिटिश गैर-लाभकारी संगठन 1958 से घरेलू बिल्लियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। सभी बिल्लियां इतनी अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली या लोगों के साथ विलासितापूर्ण जीवन जीने वाली नहीं होती हैं। कुछ बिल्लियों को आवश्यक देखभाल की जरूरत होती है, जो उन्हें नहीं दी जाती है। उन्हें दुर्व्यवहार भी सहना पड़ता है।इसलिए, यह दिन सिर्फ बिल्ली प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए महत्वपूर्ण है। यह वह दिन है जब बिल्लियों पर थोड़ा ध्यान दिया जाता है।

बिल्लियां सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से प्रतीकात्मक रही हैं। बिल्लियों का इतिहास बहुत लंबा और दिलचस्प है।मनुष्यों के साथ बिल्लियों के रहने का सबसे पहला ज्ञात प्रमाण 7500 ईसा पूर्व में बहुत पहले जंगली बिल्लियों को पालतू बनाना शुरू हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार, ये बिल्लियां कृंतकों का शिकार करके मनुष्यों को कृषि में मदद करती थीं। जैसे-जैसे मनुष्यों ने खेती करना शुरू किया, बिल्लियां कीट नियंत्रण एजेंटों के रूप में और भी अधिक मूल्यवान हो गईं।

### मिस्र में बिल्लियों को पूजा जाता था

वे प्राचीन मिस्र की संस्कृति में पूजनीय थे।बिल्लियों को देवताओं के रूप में पूजा जाता था। देवी बासेट को एक बिल्ली या बिल्ली के सिर वाली महिला के रूप में चित्रित किया गया था, और बिल्लियों को अक्सर ममीकृत किया जाता था और उनके मालिकों के साथ दफनाया जाता था।अनाज के भण्डारों को चूहों से बचाने के लिए भी बिल्लियों का उपयोग किया जाता था. पुरातत्वविदों ने बिल्लियों सहित मनुष्यों और जानवरों के बीच आध्यात्मिक संबंध का सुझाव देने वाले पुराने साक्ष्य भी खोजे हैं।

### सौभाग्य लाती है बिल्ली!


बाद में बिल्लियां ग्रीस, रोम और चीन सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल गईं। ग्रीस में, बिल्लियों को देवी एथेना से जोड़ा जाता था, और उन्हें अक्सर कला और साहित्य में चित्रित किया जाता था। रोम में, बिल्लियों को कीटों को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता के लिए भी महत्व दिया जाता था।पूरे इतिहास में, बिल्लियां विभिन्न पौराणिक कथाओं और संस्कृतियों में दिखाई देती रही हैं।नॉर्स पौराणिक कथाओं में, प्रेम और प्रजनन क्षमता से जुड़ी देवी फ्रीजा को बिल्लियों द्वारा खींचे जाने वाले रथ के रूप में जाना जाता था।इसके अतिरिक्त, जापानी लोककथाओं में मनेकी-नेको को दर्शाया गया है, एक बिल्ली की मूर्ति जिसके बारे में माना जाता है कि यह सौभाग्य लाती है।

### इस दिन को कैसे मना सकते हैं

किसी आवारा बिल्ली या निकटतम पशु आश्रय स्थल से किसी बिल्ली को गोद लेने से हमें इस दिन को मनाने में मदद मिलेगी. ऐसी बिल्लियां हैं जो खराब मौसम, कार दुर्घटनाओं, मानव दुर्व्यवहार या अन्य आपदाओं के परिणामस्वरूप मर जाती हैं।आपको उनसे प्यार करना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए।एक को अपनाएं और इस दुनिया में उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें, या अगली बार जब आप किसी आवारा बिल्ली के बच्चे को देखें तो उसके प्रति

## विश्लेषण

■ - ललित गर्ग



# शिक्षा: जान जोखिम में डालने वाली चिन्ताजनक मजबूरियां

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन शिक्षा, नई शिक्षा नीति, आधुनिक विश्वविद्यालय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसे विषय हमारे विकास के प्रतीक बन चुके हैं। लेकिन इसी भारत की एक तस्वीर ऐसी भी है जो इन सभी उपलब्धियों को कठोर प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में बरसाती उफान के बीच बेतवा नदी




को पार कर स्कूल जाते मासूम बच्चों की तस्वीर केवल एक घटना नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल का आईना है जिसमें चमक अधिक है और संवेदना कम। वास्तव में किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक मापदंड उसकी गगनचुंबी इमारतें, चौड़ी सड़कें अथवा डिजिटल सुविधाएँ नहीं होतीं, बल्कि यह होता है कि उस देश का सबसे अंतिम, सबसे कमजोर और सबसे गरीब बच्चा कितनी सुरक्षा और सम्मान के साथ शिक्षा प्राप्त कर पा रहा है। यदि किसी बच्चे को विद्यालय पहुँचने के लिए उफनती नदी, बहते नाले, टूटी पुलिया, जर्जर रास्ते या जानलेवा परिस्थितियों का सामना करना पड़े तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा पर भी प्रश्नचिह्न है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बच्चे को उसके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन वास्तविकता यह है कि अनेक गांवों में या तो विद्यालय हैं ही नहीं, और यदि हैं भी तो उनमें शिक्षक नहीं हैं। कहीं शिक्षक हैं तो विद्यार्थी नहीं, कहीं भवन हैं तो पढ़ाई नहीं, कहीं भवन ही जर्जर होकर मौत का इंतजार कर रहे हैं। ऊपर से विद्यालयों के समानीकरण की नीति ने अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की दूरी और बढ़ा दी है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन कई किलोमीटर पैदल चलकर, नदियाँ पार कर अथवा जोखिम भरे रास्तों से होकर विद्यालय पहुँचना पड़ता है। विडंबना यह है कि आज हम शिक्षा में तकनीक के बढ़ते प्रयोग पर गर्व कर रहे हैं। स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन परीक्षाएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण की चर्चा हो रही है। लेकिन जब बच्चा विद्यालय तक सुरक्षित पहुँच ही नहीं पा रहा, तब यह सारी तकनीकी प्रगति उसके लिए

## बात आपके काम की...

## सूर्य, गुरु और बुध का त्रिग्रही योग

अगस्त का महीना ज्योतिषीय दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण परिवर्तनों और शुभ योगों का साक्षी बनने जा रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त को बुध ग्रह का कर्क राशि में गोचर होने के कारण एक परिणामस्वरूप एक अत्यंत प्रभावशाली त्रिग्रही योग का निर्माण हुअ है। इस योग में ग्रहों के राजा सूर्य, देवगुरु बृहस्पति और बुद्धि के कारक बुध ग्रह एक साथ आकर अपनी ऊर्जा का संचार करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की यह विशेष स्थिति कुछ चुनिंदा राशियों के जातकों के लिए वित्तीय लाभ,



करियर में उन्नति और पारिवारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली साबित हो सकती है। विशेष रूप से 5 से 17 अगस्त तक का यह समय इन राशियों के लिए बेहद शुभ और फलदायी रहने की उम्मीद है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस त्रिग्रही योग से मालामाल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**आप भी आमंत्रित** | सम्पादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। आप अपने विचार इस पेज के जरिए अभिव्यक्त कर सकते हैं। अपने विचार-लेख, रचनाएं, पत्र हमें इस ईमेल पर भेजें- ajaybharatrajasthan@gmail.com

संपादकीय पेज पर प्रकाशित सामग्री पर संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।

# RBI ने डिफॉल्टरों के मोबाइल फोन बंद करने पर लगाई रोक, Loan Recovery के नियम जारी




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक व्यक्तिगत, वाहन या आवास ऋण नहीं लौटाने वालों से कर्ज की वसूली के लिए उनके मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप को बंद या निष्क्रिय नहीं कर सकते हैं। हालांकि, यदि संबंधित उपकरण की खरीद के लिए उसी बैंक ने कर्ज दिया है, तो यह कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि जिन मामलों में उपकरण की कार्यक्षमता सीमित या निष्क्रिय करने की अनुमति है, उनमें भी बैंक को शुरुआत से ही उपकरण बंद करने के बजाय चरणबद्ध तरीका अपनाना होगा।

केंद्रीय बैंक ने कर्ज वसूली और 'रिकवरी' एजेंसियों की नियुक्ति से जुड़े आचरण संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उधारकर्ताओं ने सोशल मीडिया के जरिये उत्पीड़न और अभद्र के इस्तेमाल जैसी शिकायतें की थीं। उसके बाद यह कदम उठाया गया है। आरबीआई के परिपत्र के अनुसार, ये नियम एक जनवरी, 2027 से प्रभावी होंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''कोई भी बैंक ऐसी प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं करेगा, जो ऋण वसूली के साधन के रूप में उधारकर्ता के मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप जैसी मोबाइल उपकरण की किसी भी कार्यक्षमता को सीमित या निष्क्रिय करे। अपवाद केवल उन मामलों में होगा, जहां संबंधित उपकरण की खरीद के लिए बैंक ने ही ऋण उपलब्ध कराया हो।'' केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि यदि मोबाइल उपकरण की खरीद बैंक से कर्ज लेकर की गई है, तो बैंक उसकी कार्यक्षमता सीमित या निष्क्रिय करने का विकल्प अपना सकता है। हालांकि, ऐसे मामलों में भी बैंक को उपकरण को तुरंत बंद करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई करनी होगी। आरबीआई ने यह भी कहा कि बैंक आवश्यक सुविधाओं को किसी भी स्थिति में बंद या सीमित नहीं कर सकेंगे। इनमें 'इनकमिंग कॉल', एसएमएस और आपातकालीन एसओएस सुविधा शामिल हैं। इससे पहले, मई में आरबीआई ने बैंक और एनबीएफसी समेत उसके दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण वसूली और रिकवरी एजेंसियों की नियुक्ति से संबंधित आचरण पर मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिस पर विभिन्न पक्षों से सुझाव प्राप्त हुए थे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सुझावों में यह सुनिश्चित करने की बात कही गई थी कि बैंक और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) केवल सुरक्षित, मानकों के अनुरूप और परीक्षण की गई 'डिवाइस-लॉकिंग' तकनीक का ही उपयोग करें तथा बिना लाइसेंस या गैर-भरोसेमंद सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल को रोका जाए। इन सुझावों को स्वीकार करते हुए आरबीआई ने कहा कि तकनीक आधारित वसूली प्रणाली लागू करने वाली वित्तीय संस्थाएं और उससे जुड़ी तीसरे पक्ष की सेवा प्रदाता कंपनी को संबंधित डिवाइस के मूल उपकरण विनिर्माता या 'ऑपरेटिंग सिस्टम' मंच से इस तकनीक का प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

आरबीआई ने बैंकों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि किसी भी उधारकर्ता या गारंटर की जानकारी केवल उतनी ही सीमा तक अपने कर्मचारियों या रिकवरी एजेंसियों के साथ साझा की जाए, जितनी ऋण वसूली से जुड़े दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

# त्योहारी सीजन से पहले महंगाई का झटका

## तांबा-एल्यूमीनियम में उछाल, एसी-फ्रिज से स्मार्टफोन तक बढ़ सकते हैं दाम



**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी सीजन में अगर आप नया टीवी, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन या नई गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो जेब थोड़ी और ढीली करनी होगी। वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति संकट के चलते तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और निकल जैसी औद्योगिक धातुओं की कीमतें तेज रफ्तार से बढ़ी हैं। लंदन मेटल एक्सचेंज पर तांबे का तीन महीने का औसत भाव 1.8 फीसदी तक बढ़कर 14,369.50 डॉलर प्रति टन पहुंच गया, जो 29 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस खबर के बाद भारत में भी तांबे के भाव 2.56 फीसदी उछलकर 1304.90 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह 1187.85 रुपये प्रति किलोग्राम था। एल्युमीनियम में भी पांच फीसदी की तेजी आई है।? दरअसल, कांगो ने कॉपर और कोबाल्ट कंसंट्रेट के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम घरेलू प्रसंस्करण को बढ़ावा देने और अपने खनिज संसाधनों से अधिक मूल्य बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने के तहत उठाया गया है। इससे वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

**कीमतों में तेजी की वजह चीन और अमेरिका भी**

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण हॉर्मुज से जहाजों की आवाजाही बाधित हो रही है। इस रास्ते से तांबा, एल्युमीनियम और सल्फ्यूरिक एसिड का बड़ा हिस्सा पास होता है। जिंक के वेयरहाउस स्टॉक्स में साल की शुरुआत से अब तक 75 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वजह से कीमतों पर दवाब बना हुआ है। प्रमुख औद्योगिक धातुओं की कीमतों में तेजी का बड़ा कारण है एआई डाटा सेंटरों और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग। इस वजह से अमेरिका एवं चीन तांबे की अंधाधुंध खरीदारी और जमाखोरी कर रहे हैं, जिससे इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

> **आपकी जेब पर असर...8 प्रतिशत तक बढ़ेंगे दाम**
> *घरेलू उपकरण और वाहनों के निर्माण में तांबा, स्टील और एल्युमीनियम मुख्य कच्चे माल हैं। जब इन धातुओं के दाम बढ़ते हैं, तो विनिर्माण कंपनियां इसका बोझ ग्राहकों की जेब पर डालती हैं।*

# फेसबुक-इंस्टाग्राम से युवाओं की मेंटल हेल्थ बिगड़ी, Meta पर अमेरिकी कोर्ट ने 9030 करोड़ का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राज्य न्यू मैक्सिको की अदालत ने गुरुवार को इंस्टाग्राम-फेसबुक की पेरेंट कंपनी Meta पर 942 मिलियन डॉलर यानी 9030 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने कहा कि प्लेटफॉर्म से युवाओं की मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचा।

जुर्माने की रकम में से 420 मिलियन डॉलर यानी 3993 करोड़ रुपए युवाओं के इलाज पर खर्च होंगे। बाकी की रकम अगले 5 साल में अवेयरनेस, प्रिवेंशन, स्क्रीनिंग सर्विस पर खर्च की जाएगी।

**दो फेज में केस चला**

यह केस दो फेज में चला। पहले फेज में कोर्ट ने Meta पर 375 मिलियन डॉलर यानी 3571 करोड़ रुपए के सिविल जुर्माना लगाने का आदेश दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि कंपनी जानती थी कि प्लेटफॉर्म पर बच्चों का यौन शोषण हुआ, लेकिन इसे छिपाया।

दूसरे फेज में कोर्ट ने Meta पर 567 मिलियन डॉलर यानी 5,390 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। इस तरह अदालत ने कंपनी पर कुल 942 मिलियन डॉलर यानी 9030 करोड़ रुपए जुर्माना लगाया। केस के दौरान प्रॉसिक्यूटर्स ने जज से Meta में बुनियादी बदलाव करने की मांग की थी। इन बदलावों का मकसद लत लगाने वाले फीचर्स पर रोक लगाना, एज वैरिफिकेशन प्रोसेस को बेहतर बनाना और डिफॉल्ट प्राइवेसी सेटिंग्स, कड़ी निगरानी के जरिए बच्चों के यौन शोषण को रोकना था। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल ने शुरू किया था मुकदमा

यह मामला न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेस ने दायर किया था। आरोप था कि Meta के इंस्टाग्राम-फेसबुक बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। कंपनी ने जानबूझकर इन खतरों को नजरअंदाज किया। जांच के दौरान सामने आया कि Meta के प्लेटफॉर्म्स का एल्गोरिदम बच्चों को ज्यादा समय तक जोड़े रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे उनमें लत लगने, डिप्रेशन और अन्य मानसिक समस्याओं का खतरा बढ़ता है। मामला सिर्फ मेंटल हेल्थ तक सीमित नहीं रहा। आरोप लगा कि प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बच्चों को फंसाने और यौन शोषण के लिए भी हो रहा था, और कंपनी को इसकी

## चीन फिर दिखा रहा बदमाशी! भारतीयों के बिजनेस वीजा आवेदन कर रहा रद

**नई दिल्ली।** भारत के लोग विदेशों में काम करने में खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। पिछले कुछ सालों से अमेरिका, कनाडा, यूके और चीन की ओर बड़े पैमाने पर भारतीयों ने रुख किया है। लेकिन अब कारोबार के सिलसिले में चीन जाने वाले भारतीय अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के लिए वीजा हासिल करना पहले की तुलना में काफी मुश्किल हो गया है। उद्योग जगत से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, चीन ने हाल के महीनों में भारतीय नागरिकों के लिए बिजनेस वीजा मंजूर करने की प्रक्रिया को सख्त कर दिया है, जिससे कई मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के प्रोजेक्ट्स और कारोबारी गतिविधियों पर असर पड़ रहा है।




**वीजा आवेदन हो रहे रद**

इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि पहले जहां लगभग सभी वीजा आवेदनों को मंजूरी मिल जाती थी, लेकिन अब बहुत ही कम आवेदनों को ही स्वीकृति मिल रही है। कई मामलों में वीजा आवेदन खारिज होने पर कंपनियों को दोबारा आवेदन करना पड़ रहा है, जिससे प्रक्रिया और लंबी हो रही है और उसके बाद भी बिजनेस वीजा की मंजूरी

# SenseX 235 अंक टूटा और Nifty 24,608 के स्तर पर आया, कच्चे तेल में तेजी से बाजार पर दबाव

**नई दिल्ली।** वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुले। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 235.36 अंक टूटकर 78,699.80 अंक पर आ गया। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 24.30 अंक फिसलकर 24,608.25 अंक पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और इटरनल के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और इंफोसिस के शेयर बढ़त में थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.16 प्रतिशत बढ़कर 83.45 डॉलर प्रति बैरल हो गया।



शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 17.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की-225 नुकसान में रहे, जबकि चीन का एसएसई सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 373.76 अंक की बढ़त के साथ 78,954.76 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 11.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ था।

# गॉल टेस्ट के लिए भारत की स्पिन पर खास तैयारी, गंभीर ने टूटी-फूटी पिच बनवाई, बल्लेबाजों को स्कूली स्पिनरों से प्रैक्टिस कराई





**नई दिल्ली।** श्रीलंका के स्पिनिंग ट्रैक पर जीत की तैयारी में भारतीय टीम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले हेड कोच गौतम गंभीर ने कोलंबो में गॉल जैसी टूटी-फूटी पिच बनवाकर बल्लेबाजों को अभ्यास कराया। गंभीर का कहना है कि पहले टेस्ट की शुरुआत तक टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार होगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैच शुरू होने से 11 दिन पहले ही श्रीलंका पहुंच गई थी। कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब में टीम अब तक दो बार करीब तीन-तीन घंटे के अभ्यास सत्र कर चुकी है। शुक्रवार से भारत SLC XI के खिलाफ तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच भी खेलेगा, जिससे खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों में ढलने का मौका मिलेगा। अभ्यास सत्र के दौरान गंभीर ने कहा, '15 अगस्त की सुबह हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे सामने आने वाले हर सवाल का जवाब हमारे पास तैयार होगा।'

**गॉल जैसी पिच बनाने के लिए तैयार किया अलग विकेट**

गॉल की स्पिन और अनियमित उछाल वाली पिच को ध्यान में रखते हुए हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट क्रिकेट क्लब मैदान के एक हिस्से में 22 गज की अनक्यूरेटेड पिच तैयार करवाई। इस पिच पर घास, दरारें और ढीली मिट्टी जानबूझकर छोड़ी गई, ताकि बल्लेबाज गॉल टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन जैसी टर्न और अनियमित उछाल वाली परिस्थितियों में पहले से अभ्यास कर सकें।

भारतीय बल्लेबाजों के सामने पहले नेट बॉलर्स ने गेंदबाजी की। बाद में बाउंड्री के पास मौजूद स्थानीय स्कूली बच्चों और युवा स्पिनरों को भी गेंदबाजी के लिए बुलाया गया। इस पिच पर गेंद कभी तेजी से टर्न ले रही थी तो कभी नीची रह रही थी। ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में भारतीय टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने लंबे समय तक अभ्यास किया।

> **भारत को 18 साल से नहीं हरा सका श्रीलंका**
> भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 17 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 10 सीरीज जीती हैं, जबकि श्रीलंका को 3 में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं। श्रीलंका पिछले छह सीरीज से भारत को नहीं हरा सका है। उसने भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 2008 में दर्ज की थी, यानी उसे करीब 18 साल से भारत के खिलाफ सीरीज जीत का इंतजार है।

# आर प्रज्ञानानंदा बने सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियन

## ब्लिट्ज के एक राउंड बाकी रहते जीता खिताब

### रैपिड में भी टॉप पर थे



**नई दिल्ली।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के सेंट लुइस में खेले गए ग्रैंड चेस टूर के सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। रैपिड राउंड के बाद प्रज्ञानानंदा पॉइंट्स टेबल में टॉप पर थे। ब्लिट्ज के दूसरे अंतिम राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर एक राउंड बाकी रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया।

उन्होंने 35 में से 23.5 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे सिंदारोव (22 अंक) से 1.5 अंक आगे रहकर अपने करियर का पहला जीसीटी रैपिड एंड ब्लिट्ज खिताब जीता। इस जीत पर उन्हें 50 हजार डॉलर (करीब 48 लाख) की प्राइज मनी और 13 जीसीटी अंक मिले।

पूरे टूर्नामेंट में बनाए रखी बढ़त

प्रज्ञानानंदा पूरे पांच दिन चले टूर्नामेंट में टॉप पर बने रहे। सिंदारोव ने आखिरी दिन तक उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। ब्लिट्ज के अंतिम नौ राउंड में उन्होंने तीन मुकाबले जीते, पांच ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मैच गंवाया।

**दूसरे अंतिम राउंड में पक्का किया खिताब**

ब्लिट्ज के दूसरे अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा का सामना सीधे सिंदारोव से हुआ। इस मुकाबले में ड्रॉ उनके लिए खिताब सुनिश्चित करने के लिए काफी था। मैच के एंडगेम में मोहरे का नुकसान होने के बावजूद उन्होंने शानदार बचाव किया और मुकाबला ड्रॉ करा लिया। इसके साथ ही आखिरी राउंड से पहले ही उनका खिताब पक्का हो गया।

> **अब सिंकफील्ड कप पर नजर**
> *ग्रैंड चेस टूर का अगला टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप 10 अगस्त से शुरू होगा। यह त्वष्ञ फाइनल्स से पहले का आखिरी टूर्नामेंट है। इसके बाद टॉप -4 खिलाड़ी त्वष्ञ फाइनल्स में जगह बनाएंगे, जहां विजेता को 2 लाख डॉलर की प्राइज मनी मिलेगी।*

# विमेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच 5 सितंबर को, 28 अगस्त से शुरू होगा

## टूर्नामेंट 8 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा



**नई दिल्ली।** विमेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच 5 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने गुरुवार को टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी किया। टी-20 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त को होगी। पहला मुकाबला थाईलैंड और हांगकांग के बीच होगा। भारत-पाकिस्तान ग्रुप७ में शामिल हैं।

**8 टीमें हिस्सा ले रहीं, 13 सितंबर को फाइनल**

यह विमेंस एशिया कप का छठा एडिशन होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ थाईलैंड, हांगकांग-चीन को रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया शामिल हैं। ग्रुप स्टेज के बाद दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में

> **भारत सबसे ज्यादा 3 बार चैंपियन बनी**
> विमेंस एशिया कप के टी-20 फॉर्मेट में अब तक 5 टूर्नामेंट खेले गए हैं। इनमें भारत ने सबसे ज्यादा 3 बार खिताब जीता है। बांग्लादेश और श्रीलंका ने एक-एक बार ट्रॉफी अपने नाम की। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की दो महिला फुटबॉलर को नागरिकता दी, मंत्री टोनी बर्क ने दिलाई शपथ

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया ने इस साल मार्च में शरण मांगने वाली ईरान की दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को नागरिकता प्रदान कर दी है। फातिमेह पसंदिदेह और अतेफेह रामेजानीसादेह ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि आव्रजन मंत्री टोनी बर्क ने उन्हें एक दिन पहले उनके ऑस्ट्रेलियाई गृह नगर ब्रिस्बेन में नागरिकता समारोह में शपथ दिलाई थी। स्थानीय ईरानी समुदाय के लोगों ने इस समारोह में भाग लिया।

रामेज़ानीसादेह ने बयान में कहा ''कल का दिन मेरे लिए सचमुच बहुत खास और अविस्मरणीय था। ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने मुझे अपना जीवन और भविष्य बनाने का अवसर दिया है।'' पसंदिदेह ने कहा, ''बुधवार का दिन मेरे जीवन के सबसे खुशी भरे दिनों में से एक था। ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बनकर मुझे बेहद गर्व और खुशी हो रही है। हमने जो कुछ भी झेला है और जिन चुनौतियों का सामना किया है, उसके बाद यह पल मेरे

# Ashfaq ने World Athletics 20 में 400मी. राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, सेमीफाइनल में प्रवेश




**नई दिल्ली।** मोहम्मद अशफाक ने पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर यहां विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जबकि अमानत कंबोज ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिलाओं की चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) के फाइनल में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ छठा स्थान हासिल किया। 19 वर्षीय अशफाक ने पहले दौर की हीट पांच में 45.81 सेकंड का समय लिया। वह अपनी हीट में अमेरिका के जेडन डी लियोन (45.63 सेकंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

उन्होंने कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अशफाक ने इसी वर्ष अप्रैल में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 46.05 सेकंड को बेहतर किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी पीयूष राज हीट छह में 47.78 सेकंड के समय के साथ पांचवें और कुल मिलाकर 35वें स्थान पर रहने के बाद आगे नहीं बढ़ पाए।

महिलाओं के चक्का फेंक के फाइनल में 18 वर्षीय कंबोज ने अपने पहले प्रयास में 53.24 मीटर का थ्रो किया जिससे वह छठे स्थान पर रही। यह उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चीन की सु यिक्सिन ने 61.06 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि अमेरिका की जैसलीन मैसी (58.41 मीटर) और साइप्रस की मरीना हाजिकोस्टा (54.88 मीटर) ने क्रमशः रजत

खास खबर — जयपुर, चूरू, सीकर में लगातार बारिश, घर-दुकानों में पानी घुसा

# भरतपुर के सबसे बड़े डैम के गेट खोलने की तैयारी, 50 गांवों में अलर्ट







**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर में देर रात शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार सुबह 11 बजे तक जारी रहा। सीकर के श्रीमाधोपुर कस्बे में सुबह तेज बारिश के कारण प्रमुख बाजारों में 3 फीट तक पानी भर गया। नीमकाथाना शहर सहित आस-पास के इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई।

चूरू के सादुलपुर में सुबह तेज बरसात के कारण कई इलाकों में 4 फीट तक पानी भर गया। इस दौरान कई घरों में पानी घुस गया और सीवरेज लाइन भी धंस गई। धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में तेज बारिश के बाद कई कॉलोनियों की सड़कें डूब गईं। पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद अलर्ट जारी किया गया है।

भरतपुर जिले सबसे बड़े बरेठा बांध का जलस्तर 26.60 फीट तक पहुंच गया है। बांध की भराव क्षमता 29 फीट है। कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। गेज 27 फीट तक पहुंचा तो कभी भी गेट खोले जा सकते हैं। इसके चलते




कुकुंद नदी के बहाव क्षेत्र वाले 50 गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।




प्रशासन ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उधर, नदबई में सुबह बरसात के कारण दो मकानों का बड़ा हिस्सा ढह गया।

### मानसून के बड़े अपडेट्स

मकान ढहे, नदी के कारण अलर्टः भरतपुर और डीग में लगातार बरसात के कारण दो दिन में तीन मकान ढह गए। वहीं, धौलपुर में पार्वती नदी का लेवल बढ़ने के बाद खतरे का अलर्ट जारी किया गया है। इधर चूरू में भी लगातार बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। सादुलपुर में सुबह मकानों में पानी घुस गया, सीवरेज लाइन भी धंस गई।

**जयपुर में रुक-रुककर हुई बरसातः** राजधानी में गुरुवार देर रात करीब 10 बजे से बरसात का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुककर सुबह तक जारी रहा। देर रात जयपुर आई दो फ्लाइट भी लैंड नहीं हो सकी। शहर के निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई। जिले के दिन-रात के तापमान में भी तीन डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है।

**6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा पाराः** बारिश के कारण पूर्वी राजस्थान के अलवर और दौसा क्षेत्रों में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 6 डिग्री तक गिर गया। दौसा में अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री, अलवर में 27.8, सिरोही में 27.6,

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर पानी के कारण पलटी स्कॉर्पियो, 2 की मौत



### अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुसी, सीट-स्टेयरिंग के बीच फंसे घायल

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर बगरू में स्कॉर्पियो पलटने से युवक-युवती की मौत हो गई। पुलिस जांच के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी। बारिश के भरे पानी के कारण अनियंत्रित होकर 3 बार पलटकर डिवाइडर में घुस गई। हादसा गुरुवार देर रात 2 बजे बगरू थाना क्षेत्र के बड़ के बालाजी के पास हुआ। एक्सीडेंट में श्रीमाधोपुर (सीकर) निवासी अमन मान (21) और डूंगरगढ़ (बीकानेर) की रहने वाली रेवती (24) की मौत हो गई। हादसे में झाड़ली (सीकर) का रहने वाला नितेश (24) घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार हाईवे पर भरा पानी कार की फ्रंट स्क्रीन पर आने से ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। इसके बाद अचानक ब्रेक लगाने के कारण कार पलट गई। इस दौरान कार का टायर भी फट गया।

**अंदर बुरी तरह फंसे थे घायल**

पुलिस ने स्कॉर्पियो में फंसे तीनों घायलों को मुश्किल से बाहर निकला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल सीट-स्टेयरिंग के बीच फंसे हुए थे। पुलिस ने गंभीर हालत में तीनों को हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने फ्रंट सीट पर बैठे अमन और रेवती को मृत घोषित कर दिया। उनका एक साथ गंभीर घायल है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बगरू सीएचसी की मॉर्च्युरी

## जयपुर डिस्कॉम ने दिए कार्रवाई के आदेश

# बिजली कर्मचारियों को सरकारी पैसे का गलत उपयोग पड़ेगा भारी

## आरजीएचएस में गलत कैटेगरी चुनकर इलाज कराया तो होगी रिकवरी

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जयपुर डिस्कॉम) ने आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) में गलत कैटेगरी में रजिस्ट्रेशन कराने वाले कर्मचारियों को लेकर सख्त आदेश जारी किया है। निगम ने कहा है कि जिन कर्मचारियों ने नियमों के विपरीत गलत कैटेगरी में रजिस्ट्रेशन कर सरकारी इलाज की सुविधा का लाभ लिया है, उनसे इलाज पर खर्च हुई पूरी सरकारी राशि की रिकवरी की जाएगी। डिस्कॉम ने सभी अधिकारियों को अपने अधीन कर्मचारियों का आरजीएचएस रजिस्ट्रेशन चेक करने के निर्देश दिए हैं। जिन कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन गलत कैटेगरी में मिला, उनकी



जानकारी तुरंत मुख्यालय भेजी जाएगी और उनसे जल्द कैटेगरी ठीक कराई जाएगी।

**आरजीएचएस ने बताई गड़बड़ी**

जयपुर डिस्कॉम की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि आरजीएचएस के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने 31 जुलाई 2026 को भेजे पत्र में जानकारी दी कि निगम के कुछ कर्मचारियों ने आरजीएचएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय गलत कैटेगरी का चयन कर लिया। इसके चलते वे नियमों के विपरीत सरकारी इलाज की सुविधा का लाभ ले रहे हैं, जिससे सरकारी धन खर्च हो रहा है और राजकोष को नुकसान पहुंच रहा है। इसे विभागीय नियमों और वित्तीय अनुशासन के खिलाफ माना गया है।

**गलत रजिस्ट्रेशन पर कर्मचारी खुद होंगे जिम्मेदार**

आदेश में साफ कहा गया है कि यदि किसी कर्मचारी ने गलत कैटेगरी में रजिस्ट्रेशन कर इलाज का लाभ लिया है या आगे भी लेता है, तो इसे सरकारी धन का दुरुपयोग माना जाएगा। ऐसे मामलों में इलाज पर खर्च हुई पूरी राशि संबंधित कर्मचारी से वसूली जाएगी। इसके अलावा इस मामले से जुड़े सभी वित्तीय और कानूनी परिणामों की जिम्मेदारी भी उसी कर्मचारी की होगी। निगम इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**गलत कैटेगरी वाले कर्मचारियों की रिपोर्ट मांगी**

डिस्कॉम ने सभी नियंत्रक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे यह आदेश अपने अधीन सभी कर्मचारियों तक तुरंत पहुंचाएं और इसका सख्ती से पालन कराएं। साथ ही जिन कर्मचारियों का आरजीएचएस में रजिस्ट्रेशन गलत कैटेगरी में है, उनकी सूची जल्द से जल्द उप सचिव (सामान्य प्रशासन), जयपुर डिस्कॉम को भेजी जाए, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# पीयूष गोयल ने मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की

## बोले- ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार चुनौतियों पर नए प्लान बनाएंगे

**अजय भारत न्यूज**

**दौसा।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार सुबह हेलीकॉप्टर से आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। यहां कलेक्टर डॉ. सौम्या झा और एसपी पीयूष दीक्षित ने उनकी अगवानी की। मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत इस बार ब्रिक्स का अध्यक्ष है और समूह के देशों के साथ वैश्विक चुनौतियों और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर नए प्लान बनाए जा रहे हैं, ताकि व्यापार संबंधी चुनौतियों को दूर किया जा सके। इसके बाद उन्होंने मंदिर में स्वयंभू बालाजी महाराज के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की।

मंत्री पीयूष गोयल ने मंदिर में स्वयंभू बालाजी महाराज के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने गर्भगृह के सामने सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली



की प्रार्थना की।

बालाजी महाराज के दर्शन के बाद मंत्री गोयल ने भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के दरबार में भी ढोक लगाई। मंदिर के पंडितों ने उनका चोले का टीका लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। मंदिर ट्रस्ट के सचिव एमके माथुर ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को रामनामी दुपट्टा पहनाया। इसके बाद उन्हें प्रसादी भेंट की गई।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत इस बार ब्रिक्स का अध्यक्ष है। समूह के देशों के साथ वैश्विक चुनौतियों और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इन चर्चाओं के जरिए व्यापार संबंधी चुनौतियों को दूर करने के लिए नए प्लान बनाए जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री के दौरे को देखते हुए हेलीपैड और मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में तैनात

# डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने किया बांदीकुई के नए रोडवेज बस स्टैंड शिलान्यास, 1 करोड़ रुपए की लागत आएगी



**अजय भारत न्यूज**

**बांदीकुई।** बांदीकुई शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित नए रोडवेज बस स्टैंड का शुक्रवार को भव्य शिलान्यास किया गया। करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक बस स्टैंड की आधारशिला प्रदेश के उपमुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) डॉ. प्रेमचंद बैरवा और स्थानीय विधायक भागचंद टांकड़ा ने संयुक्त रूप से रखी। इस सौगात से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस नए बस स्टैंड के निर्माण से बांदीकुई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को यात्रा करने में बेहद आसानी होगी। उन्होंने स्थानीय विधायक भागचंद टांकड़ा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। डिप्टी सीएम ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कार्य मजबूती से हुए हैं और सरकार युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए विशेष ध्यान दे रही है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक भागचंद टांकड़ा ने क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि शहर में रोडवेज बस स्टैंड की मांग वर्षों से की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी होने जा रही है। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए डिप्टी सीएम के सामने कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं।

उन्होंने कहा कि बांदीकुई के राजेश पायलट पीजी कॉलेज सहित अन्य सरकारी कॉलेजों से प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर बाहर भेजे गए व्याख्याताओं की प्रतिनियुक्ति तुरंत रद्द कर उन्हें वापस मूल कॉलेज में लगाया जाए। कॉलेज के नए भवन के निर्माण के लिए तैयार किए गए 16 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को जल्द से जल्द वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाए।

विधायक भागचंद टांकड़ा द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मंच से ही आश्वस्त किया कि इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने और कॉलेज के नए भवन के निर्माण के लिए सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। इस शिलान्यास समारोह में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शाहरा, डॉ. रतन तिवारी, जिला मंत्री ममता सैनी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोमेश विजय, शहर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, नगर मंत्री अजीत भदोरिया, प्रमोद सीमला, महिपाल सिंह शेखावत, मनोज टोडवाल, सुरेंद्र कट्टा और कैलाश तांबी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे-21 पर एनएचएआई ने हटाया अतिक्रमण, 10 मीटर तक पक्के निर्माण ध्वस्त किए

**अजय भारत न्यूज**

**भरतपुर।** नेशनल हाईवे-21 पर आज एनएचएआई ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हाईवे पर 10 मीटर तक किए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण तोड़ने से पहले एनएचएआई ने लोगों को नोटिस दिए थे। साथ ही निशान भी लगाए गए थे। कार्रवाई के दौरान मामूली विरोध भी देखने को मिला। कार्रवाई के लिए खेड़ली मोड़ थाना, भुसावर थाना और पुलिस लाइन का जाब्ता मौजूद रहा। प्रोजेक्ट हेड महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि डिवाइडर से दोनों तरफ 30-30 मीटर हाईवे की जमीन है। छोंकरवाड़ा हाईवे से अस्पताल तक लोगों ने करीब 10 मीटर तक अतिक्रमण किया हुआ था। इसको लेकर आज नेशनल हाईवे की तरफ से पहले ही लोगों को नोटिस दिए गए थे। साथ ही अतिक्रमण पर निशान भी लगाए हुए थे।

# संत रविदास जयंती पर भाजपा ने निकाली कलश वंदन यात्रा, समरसता और समानता का संदेश दिया

**सभी कस्बों-गांवों में पहुंचेगी यात्रा**

**अजय भारत न्यूज**

**बयाना।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बयाना विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने कलश यात्रा निकाली। इस यात्रा का नेतृत्व विधानसभा संयोजक एवं पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल ने किया।

यह कलश यात्रा पंचायत समिति परिसर से शुरू हुई और लाल दरवाजा स्थित संत रविदास आश्रम पहुंची। आश्रम में श्रद्धालुओं ने संत रविदास जी को नमन करते हुए पवित्र कलश का पूजन किया।

वक्ताओं ने संत रविदास जी महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके समरसता, समानता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के संदेश को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने समाज से उनके आदर्शों को अपनाने और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। यात्रा में



बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और समाज के लोगों ने भागीदारी निभाई। इस दौरान संत रविदास जी महाराज के जयघोष किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद रंजीता कोली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मसिंह चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढ़वार, जगमोहन खटाना, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रमन धाकड़, प्रधान मुकेश कोली, राजेंद्र दमदमा, रोनू उपाध्याय, सत्यप्रकाश सिकंदरा, अर्जुन दमदमा, दिनेश पचौरी, नीरज सारस्वत, अनिल पाराशर, रौनक राजौरिया, वीरभान गुर्जर, भगवानस्वरूप पाराशर, बीपी जहाजिया और चतर सूपा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खास खबर — मुख्य सचिव ने परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 14 सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी को सुदृढ़ बनाने और सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को गति देने के दिए निर्देश

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में वर्ल्ड बैंक के साथ राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (आरएचएमपी) के प्रथम इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एवं रिव्यू मिशन की समापन (रैप-अप) बैठक ली। उन्होंने राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (आरएचएमपी) के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी (आरएसएचए) को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को गति देने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परियोजना के अंतर्गत



प्रस्तावित 14 सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा प्रमुख सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने आगे प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं पर भी चर्चा करते हुए उनके समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि डॉ. रीनू अनेजा ने परियोजना के विभिन्न घटकों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रस्तुतीकरण में राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी के संस्थागत सुदृढ़ीकरण, राज्य राजमार्गों के उन्नयन, सड़क नेटवर्क प्रबंधन को मजबूत बनाने, सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सेवाओं में सुधार तथा निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लगभग 800 किलोमीटर राज्य राजमार्गों का उन्नयन किया जाएगा। इसके साथ ही डिजिटल तकनीक आधारित सड़क प्रबंधन प्रणाली विकसित करने, परियोजना प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने तथा जलवायु- अनुकूल सड़क अवसंरचना के विकास के लिए भी कार्य किए जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, वर्ल्ड बैंक मिशन के प्रतिनिधि, स्टेट हाईवे अथॉरिटी तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।


## नहर में मिला 3 दिन से लापता युवक का शव

**भरतपुर।** भरतपुर शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित सुजान गंगा नहर में शुक्रवार को युवक का मिला। तीन दिन से लापता था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मौके पर युवक की पत्नी भी पहुंची। पति के शव को देखकर बेसुध हो गई। रोती हुई पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा-शिकायत के बाद पुलिस ने तलाश नहीं किया।

मथुरा गेट थाने के एएसआई नरेंद्र कुमार ने बताया - सूचना मिली थी कि सुजान गंगा नहर में एक शव पड़ा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने शव को नहर से बाहर

## मज्जन फल पेखिअ तत्काला। काक होहिं पिक बकउ मराला॥

**अजय भारत न्यूज**



**एसके मंगल**


तीर्थराज प्रयाग में स्नान का फल तुरंत दिखाई देता है। कौए कोयल बन जाते हैं और बगुले हंस बन जाते हैं। यह सुनकर आश्चर्य न करें, क्योंकि सत्संग साधु-संतों की संगति की महिमा छिपी नहीं है ।काक निम्न, हिंसक, अशुद्ध, कर्कश स्वभाव वाला व्यक्ति तमोगुणी, कामी, क्रोधी। कोयल मधुर, सुंदर, सात्विक गुण वाला। बगुला? कपटी, दम्भी, बाहरी दिखावा करने वाला जो बाहर से शांत दिखता है लेकिन अंदर से अशुद्ध। हंस विवेकी, शुद्ध, सार-ग्राही जो दूध और पानी अलग कर लेता है। स्नान का अर्थ सिर्फ शारीरिक स्नान नहीं, बल्कि सत्संग में डूबना है। सत्संग की शक्ति महान है वह तुरंत मनुष्य के स्वभाव को बदल देती है। बुरे से अच्छा, अशुद्ध से शुद्ध, कपटी से विवेकी बना देती है। असली तीर्थ सत्संग है। तुलसीदास जी बताते हैं कि सत्संग बिना विवेक नहीं होता, और रामकृपा बिना सत्संग सुलभ नहीं होता। बाहरी तीर्थ स्नान से पुण्य मिलता है, लेकिन सत्संग से स्वभाव बदल जाता है। बुरी संगति मनुष्य को गिरा देती है, अच्छी संगति संत-महात्माओं की उसे ऊपर उठा देती है – चाहे वह कितना भी गिरा हुआ क्यों न हो। सत्संग ही मोक्ष का मूल द्वार है। दोहा संगति के प्रभाव की महिमा गाता है 'जैसी संगति वैसा फल'। अच्छी संगति से व्यक्ति का अंतःकरण शुद्ध होकर ईश्वर-भक्ति की ओर मुड़ जाता है।

# मुगल शहजादे दारा शुकोह पर आधारित एक विचारोत्तेजक पुस्तक पर संवाद

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार, 8 अगस्त को होगा आयोजन

### अमित रंजन की पुस्तक 'दारा शुकोह द फ़कीर एंड द थ्रोन ऑफ थॉर्न्स' पर पुस्तक चर्चा

**अजय भारत न्यूज**





**जयपुर।** लेखक, कवि और स्कॉलर अमित रंजन की चर्चित पुस्तक 'दारा शुकोह÷ द फ़कीर एंड द थ्रोन ऑफ थॉर्न्स' पर एक विचारोत्तेजक पुस्तक चर्चा का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। यह सत्र शनिवार, 8 अगस्त को शाम 5:30 बजे से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के मिनी ऑडिटोरियम-1 में आयोजित होगा। इस दौरान लेखक अमित रंजन जयपुर की ब्लॉगर एवं पीआर प्रोफेशनल तुषारिका सिंह के साथ संवाद करेंगे।

यह पुस्तक मुगल सम्राट शाहजहां के बड़े पुत्र दारा शुकोह के जीवन और विरासत को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। दारा शुकोह एक ऐसे मुगल शहज़ादे थे, जिनकी बौद्धिक और आध्यात्मिक खोज भारत की सांस्कृतिक समन्वय और दार्शनिक उदारता पर आधारित दृष्टि को दर्शाती है। बहुसांस्कृतिकता जैसे विचारों के प्रचलन में आने से बहुत पहले, दारा शुकोह ने विभिन्न परंपराओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने सूफीवाद का अध्ययन किया, ईसाई विद्वानों के साथ संवाद किया और हिंदू व इस्लामी विचारधाराओं के बीच साझा आध्यात्मिक आधार की खोज के उद्देश्य से उपनिषदों का फ़ारसी भाषा में अनुवाद कराया।

उल्लेखनीय है कि अमित रंजन तीन बार फुलब्राइट स्कॉलर रह चुके हैं और उन्हें ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन एवं शोध के लिए कई प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त हुई हैं। वे 'जॉन लैंग÷ वांडरर ऑफ हिंदोस्तान' के साथ-साथ कविता-संग्रह 'फाइंड मी लियोनार्ड कोहेन', 'आई एम ऑलमोस्ट थर्टी' और 'द नॉट ऑफ जगनॉट' के लेखक हैं। सेंट स्टीफंस कॉलेज और जेएनयू से शिक्षित अमित रंजन ने पत्रकार, नाटककार, अभिनेता और शिक्षाविद् के रूप में भी कार्य किया है।

# भीषण हादसा – हाई मास्क पोल से टकराकर धूं-धूं कर जला डंपर



### सीकर के बेरी गांव का बताया जा रहा डंपर, शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग व चालक व साथी मौके से हो गए फरार

**अजय भारत न्यूज**

**उदयपुरवाटी।** कैलाश बबेरवाल, कस्बे के झुंझुनू रोड़ चुंगी नंबर तीन पर बीती रात करीब एक बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर चौराहे पर लगे लगभग 20 फीट ऊंचे हाई मास्क लाइट के पोल से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाइट का पोल पास से गुजर रही विद्युत विभाग की बड़ी लाइन पर जा गिरा, जिससे हुए शॉर्ट सर्किट के कारण डंपर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा डंपर धूं-धूं कर जलने लगा।

हादसा होते ही डंपर चालक और उसका साथी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी, अग्निशमन की गाड़ी और पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। सबसे पहले क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काटी गई, जिसके बाद दमकलकर्मियों ने लगभग 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक डंपर का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था।

दिन में होता हादसा तो मच सकती थी भारी तबाही। गनीमत यह रही कि यह घटना देर रात करीब एक बजे घटी, जब चौराहे पर आवाजाही न के बराबर थी। चुंगी नंबर तीन पर सुबह-शाम के समय काफी चहल-पहल और भारी भीड़ रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन या शाम के समय हुआ होता, तो कई लोग इसकी चपेट में आ सकते थे और बड़ी जनहानि हो सकती थी। थानाधिकारी रामपाल मीणा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त डंपर सीकर जिले के बेरी गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में फरार चालक व उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है साथ ही हादसे के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे 9 से 17 अगस्त तक मनाएगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** देशभर में आजादी के अमृतकाल के अंतर्गत आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों, कार्यशालाओं, स्टेशनों एवं रेलवे प्रतिष्ठानों में अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। अभियान के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, उत्पादन इकाइयों एवं अन्य महत्वपूर्ण परिसरों में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं महत्वपूर्ण भवनों को यथासंभव तिरंगा रंगों की आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की वाद्य धुन प्रसारित की जाएगी।




उत्तर पश्चिम रेलवे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों एवं आम नागरिकों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा ÷सेल्फी विद तिरंगा÷ अभियान में भाग लेकर हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपनी सहभागिता दर्ज कराने के लिए प्रेरित करता है। उत्तर पश्चिम रेलवे का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को नमन करते हुए प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक

## रेल परिसर और ट्रेनों में धूम्रपान करने वालों पर सख्त कार्रवाई

**जयपुर।** यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं धूम्रपान-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेल परिसरों और ट्रेनों में धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए जुलाई माह में सख्त कार्रवाई की है। रेलवे ने 38 स्टेशनों तथा 231 ट्रेनों में जांच करते हुए धूम्रपान करने वाले 269 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5.38 लाख रूपए का जुर्माना वसूल किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे द्वारा यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेल परिसरों एवं ट्रेनों को धूम्रपान मुक्त बनाए रखने के लिए कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में जुलाई माह में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

**खास खबर** 'डिसेबिलिटी इंक्लूजन' कोई दान या दया नहीं, बल्कि समावेशी व्यवस्था का हिस्सा है

# जयपुर में भारत के सबसे बड़े एजुकेशन फेस्टिवल 'स्कून्यूज ग्लोबल एड फेस्ट' के 10वें संस्करण का आगाज

## पद्मश्री जावेद अहमद टाक, प्रियंका अग्रवाल, प्रतिष्ठा देवेश्वर सहित कई प्रेरक हस्तियों ने मंच पर साझा किए अपने अनुभव, पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन द्वारा फ्रैंडली क्रिकेट मैच रहा खास

### देश को आगे बढ़ाने की भारी जिम्मेदारी हमारे गुरुओं के कंधों पर है- श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

**अजय भारत न्यूज**





खेल



**जयपुर।** देश को आगे बढ़ाने की भारी जिम्मेदारी हमारे गुरुओं के कंधों पर है। गुरु ही वह शक्ति हैं जो आने वाली पीढ़ी को सही दिशा और बेहतर भविष्य का मार्ग दिखाते हैं। गुरु कोई काल्पनिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि हमारे जीवन को छूकर उसे नई दिशा देने वाले निर्माता हैं। आज का युग परिवर्तन का है। बदलता वही है जो स्वयं बदलने का साहस रखता है और वही कुछ कर दिखाता जिसके अंदर कुछ करने का दृढ़ संकल्प होता है। ज्ञान ऐसा अमूल्य धन है, जो बांटने से कभी कम नहीं होता, बल्कि निरंतर बढ़ता जाता है। यह बात उदयपुर के हाउस ऑफ मेवाड़ के श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने 'स्कून्यूज़ ग्लोबल एड फेस्ट' के 10वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में मुख्य वक्तव्य देते हुए कही। इस अवसर पर स्कून्यूज़ के संस्थापक और सीईओ, रवि संतलानी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान 'स्कून्यूज़ द्वारा सिम्बायोनिक के सहयोग से 'विलिंगनेस प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया गया। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यक्रम के दौरान दस ऊपरी अंगों से दिव्यांग लोगों को मंच पर अनुकूलित कृत्रिम हाथ प्रदान किए गए।

श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने संबोधन के दौरान अपने बचपन का प्रेरक किस्सा साझा करते हुए बताया कि वे डिस्लैक्सिक डायगनॉस हुए थे। जहां डॉक्टर्स ने उन्हें बौद्धिक रूप से अक्षम मान लिया था। इस विपरीत परिस्थिति के बावजूद किस प्रकार उन्होंने इसे अपने जीवन पर हावी नहीं होने दिया और अपनी पीएचडी तक शिक्षा को पूरा किया। यही नहीं, सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अब तक उन्होंने 10 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। श्रीजी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ÷19वीं सदी ब्रिटेन की और 20वीं सदी अमेरिका की थी, लेकिन 21 वहीं सदी हिंदुस्तान की होगी। उन्होंने आगे सोशल मीडिया के बदलते दौर पर कहा कि जीवन की असली खूबसूरती सादगी और सरलता में बसी थी, जब सोशल मीडिया अस्तित्व में नहीं था। आज तकनीक हमारी जरूरत है, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल दुनिया हमारी संवेदनाओं, सादगी और मानवीय मूल्यों पर हावी न हो जाए।

होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित हो रहे इस फेस्ट का केंद्र 'एबल एजुकेशन समिट' है, जिसकी थीम वन वड.फोर लेटस. एवरीथिंग÷ नॉट डिसेबल्ड. नॉट डिफैंटली एबल्ड. सिम्पली - एबल विषय को उसके मूल स्वरूप में प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में भारत और दुनिया भर से 500 से अधिक शिक्षक, प्राचार्य, स्कूल निदेशक, शिक्षाविद और विचारक शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय स्कूलों से दिव्यांगजनों के लिए केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने से आगे बढ़कर, शिक्षा व्यवस्था और कक्षाओं को शुरुआत से ही सभी के लिए समावेशी रूप में तैयार करने का आह्वान करेगा।

उद्घाटन सत्र के दौरान इंडिया इंक्लूजन फाउंडेशन के संस्थापक, फ़ेरोस वी. आर.ने वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। जिसमें उन्होंने इंडिया इंक्लूजन फाउंडेशन के पीछे की प्रेरणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलाव लाने के लिए सिर्फ एक इन्क्लूजन समिट काफी नहीं है। हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों की मानसिकता को बदलना है, जिससे इन्क्लूजन को अपनाते हुए वास्तविक बदलाव लाया जा सके।

दिन का एक विशेष आकर्षण फ्रेंडली क्रिकेट मैच 'लेग्स, हार्ट एंड सिक्सेस' रहा। इस रोचक मैच में कश्मीर के पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आमिर अपने पैरों की उंगलियों से गेंदबाजी करते और कंधे व गर्दन की सहायता से बल्लेबाजी करते नजर आए। उनके साथ युवा दृष्टिबाधित क्रिकेटर प्रथमेश ने भी मैदान पर अपनी खेल प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। उनके साथ इस मैच में श्रीजी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और रवि संतलानी ने मैच खेलकर उनको प्रोत्साहित किया। इस फैंडली मैच ने दृढ़ इच्छाशक्ति, समावेशिता और भावना का प्रेरक संदेश दिया।

'फ्रॉम बुलेट टू ब्लूप्रिंट' विषय पर अपने प्रेरक संबोधन में ज़ायबा आपा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इन्क्लूजिव एजुकेशन, कश्मीर के संस्थापक, पद्मश्री जावेद अहमद टाक ने अपनी जीवन यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा कोई सेवा नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। हर बच्चे के अंदर असीम संभावनाओं की एक दुनिया होती है और उन संभावनाओं के द्वार खोलने की जिम्मेदारी समाज की है। उन्होंने कहा कि यदि हमें 100 प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य हासिल करना है, तो ऐसे समावेशी विद्यालय और अनुकूल वातावरण तैयार करने होंगे, जहां हर बच्चा अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ सके। अपने शिक्षक बनने के सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं को ÷किंग्स चैयर÷ पर बैठा हुआ मानते हैं, क्योंकि उन्हें शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उनकी सेवा करने का अवसर मिला है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत प्रिया एंड्रयूज़ ने द पैलेस स्कूल के बच्चों के साथ समूह संगीत प्रस्तुति वॉक विद मी और पैरा तैराक व नृत्य कलाकार विश्वास के. एस. की नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद विभिन्न वक्तव्य और संवाद सत्र आयोजित हुए, जिनमें 'दे सॉ द व्हीलचेयर, ऑक्सफोर्ड सॉ अ स्कॉलर', 'आई एम विद यू÷ व्हेन फ्रेंडशिप बिकम्स इंक्लूजन', 'फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस', 'मल्टीपल लर्नर्स, मल्टीपल एबिलिटीज- वन इकोसिस्टम टू स्किल देम ऑल' और 'फाइव वर्ड्स, वन लैंग्वेज', बियॉन्ड माय स्टोरी जैसे विषय शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेक करने वाली भारत की दूसरी दृष्टिबाधित महिला प्रियंका अग्रवाल और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाली भारत की पहली व्हीलचेयर उपयोगकर्ता प्रतिष्ठा देवेश्वर सहित कई प्रेरक हस्तियां अपने अनुभव साझा किए।

यह समिट समावेशिता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा और इस संदेश को मजबूती से सामने रखा कि सही अवसर, सहयोग और अनुकूल वातावरण मिलने पर हर दिव्यांग व्यक्ति एबल है। समिट ने केवल समावेशिता की बात ही नहीं की, बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारा। आयोजन में दिव्यांगजनों ने फोटोग्राफर, मंच संचालक (एमसी) सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं, जिसने उनकी प्रतिभा, क्षमता और सशक्त भागीदारी का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

शाम को आयोजित स्कून्यूज़ मेमोरियल अवॉर्ड्स 2026 में शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। समारोह में महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग एजुकेशनल लीडरशिप डॉ अदिति मिश्रा ने जीता; अशोक गुप्ता राइज़ एंड रिफॉर्म ऑनर फॉर बोल्ड रिफॉर्म एंड एजुकेशनल अपलिफ्टमेंट डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता; द कन्नी थाहरयामल प्राइज़ फॉर चैंपियनिंग एजुकेशन अगेंस्ट ऑल ऑड्स लीना अशर को मिला; डॉ. माहेश्वरी नटराजन अवॉर्ड फॉर ग्रेस, ग्रिट एंड द गिफ्ट ऑफ बिलीविंग इन अदर्स कर्नल वी. एन. सत्य राव (सेवानिवृत्त) को; द मोहिनी बख्शी स्पिरिट ऑफ पॉसिबिलिटी प्राइज़ फॉर इंस्पायरिंग होप, पॉसिबिलिटी एंड पर्पज़ इन एज्यूकेशन डॉ गीत ओबेरॉय ने जीता; द पी. एन. कावूरी प्राइज़ फॉर वैल्यूज़ ड्रिवन लर्निंग डॉ. अंजू छाज़ोट और पास्कल छाज़ोट ने; द रानी हूजा लाइफटाइम फुटप्रिंट फॉर ए लाइफटाइम ऑफ इम्पैक्ट इन एजुकेशन कमलजीत यादव और द स्नेहलता प्राइज़ फॉर बिल्डिंग अ

# आरयूआईडीपी के पांचवें चरण के कार्यों पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

### जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने दिए सुझाव

**अजय भारत न्यूज**




**जयपुर।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण में जोबनेर नगर में प्रस्तावित लगभग 2.06 करोड़ रुपये के विकास कार्यो के संबंध में संवाद एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर भवन, जोबनेर में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी नेहा राठी ने की। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों एवं विभागीय अधिकारियों से परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव आमंत्रित किए। कार्यक्रम में आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा पांचवें चरण में प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसमें ड्रेनेज एवं बाढ़ प्रबंधन, कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, पर्यटन विकास तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपखण्ड अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय आवश्यकताओं और जनसुझावों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे कार्यों के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने नगर पालिका, आरयूआईडीपी तथा अन्य संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने परियोजना से संबंधित विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। आरयूआईडीपी के सहायक अभियंता श्री रियाज अहमद ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तावित कार्यों की तकनीकी जानकारी दी तथा बताया कि प्राप्त सुझावों को परियोजना में सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा। परियोजना समन्वयक श्री गौरव गुप्ता ने भी कार्यों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम में नगर पालिका आयुक्त हिमांशु सिंह, जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजन, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे। अंत में उपखण्ड अधिकारी नेहा राठी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही विकास योजनाओं का प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन संभव है।

# मेडिकल स्टोरों पर पुलिस का छापा, 272 नशीले कैप्सूल जब्त व दो युवक गिरफ्तार

### विशेष अभियान के तहत मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई, बिना लाइसेंस बेची जा रही थीं दवाइयां


**अजय भारत न्यूज**

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के घूमचक्कर तथा सीकर रोड़ पर अवैध नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की है। पुलिस ने मौके से कुल 272 अवैध नशीले कैप्सूल जब्त कर दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि अति. पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत व वृत्ताधिकारी सुगन सिंह के मार्गदर्शन तथा थानाधिकारी रामपाल मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई घूमचक्कर स्थित गुंजन मेडिकल स्टोर पर की है जहां से आरोपी विनोद कुमार (25) पुत्र शंकरलाल को 214 नशीले कैप्सूलों की स्ट्रिप के साथ पकड़ा गया। वहीं दूसरी कार्रवाई सीकर रोड़ स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर पर की गई, जहां उप निरीक्षक श्रीमती संतोष की टीम ने आरोपी पिंटूराम (27) पुत्र गिरधारी लाल के कब्जे से 58 नशीले कैप्सूल बरामद किए। थाना अधिकारी रामपाल मीणा ने बताया कि औषधि नियंत्रण अधिकारी झुंझुनूं द्वारा पुष्टि करने पर उक्त कैप्सूल अवैध एवं नशीली श्रेणी के पाए गए। दोनों आरोपी बिना किसी वैध लाइसेंस, परमिट या डॉक्टर की पर्ची के इनका भंडारण व बेचान कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पृथक-पृथक अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्नेपडील ऑनलाइन कंपनी द्वारा फर्जी सामान बेचने के मामले में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को उपभोक्ता अदालत का नोटिस

**अजय भारत न्यूज**



**कोटा।** कोटा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक बड़े मामले में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान को नोटिस जारी कर 18 सितंबर 2026 को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह मामला फर्जी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट की जवाबदेही से जुड़ा है।

अधिवक्ता अशपाक अंसारी और अधिवक्ता रिपु दमन सिंह ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला वर्ष 2019 का है। शिकायतकर्ता और अधिवक्ता इन्दमोहन सिंह 'हनी' ने ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म 'स्नैपडील' पर वुडलैंड कंपनी के बेल्ट और वॉलेट का आकर्षक विज्ञापन देखकर ऑर्डर किया था। जब सामान प्राप्त हुआ, तो वह पूरी तरह नकली था। इन्द्र मोहन सिंह ने जब इस सामान की जांच अधिकृत वुडलैंड शोरूम पर कराई, तो शोरूम प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि उक्त सामान नकली है और स्नैपडील जैसी कंपनियां फर्जी उत्पादों की आपूर्ति कर रही हैं।

अधिवक्ताओं ने आगे बताया कि इस संबंध में परिवादी इंद्र मोहन सिंह द्वारा गुमानपुरा थाने में प्राथमिकी (एफआईआर नं. 500/2019) भी दर्ज कराई गई थी। हालांकि, पुलिस द्वारा मामले में कंपनी के पक्ष में लीपापोती की गई और अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी गई। जिसके बाद इंद्र मोहन सिंह ने न्यायालय में प्रोटेस्ट पिटीशन दायर की।

हाल ही में, उपभोक्ता अदालत में चल रहे परिवाद में एक संशोधित परिवाद (धारा 35 के तहत) पेश किया गया। जिसमें स्नैपडील कंपनी के मालिक कुणाल बहल, रोहित बंसल के साथ-साथ कंपनी के पूर्व ब्रांड एंबेसडर आमिर खान को भी प्रतिवादी बनाया गया है। न्यायालय ने इस परिवाद को स्वीकार करते हुए सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता इन्द्र मोहन सिंह 'हनी' ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बड़े-बड़े सेलिब्रिटी करोड़ों रुपये के विज्ञापन लेकर फर्जी कंपनियों, हानिकारक पान मसालों और सट्टेबाजी जैसे उत्पादों का प्रचार करते हैं। उन्हें यह आभास नहीं होता कि इसके परिणाम कितने गंभीर हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2024 में अपने ऐतिहासिक निर्णय में स्पष्ट किया है कि सेलिब्रिटी अपने विज्ञापनों के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। इसी कानूनी आधार पर हमने माननीय न्यायालय से आमिर खान को भी इस मामले में पक्षकार बनाने का निवेदन किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब 18 सितंबर 2026 को आमिर खान, कुणाल बहल और रोहित बंसल को अदालत में अपना पक्ष रखना होगा।

# भारत के सबसे बड़े काजू महोत्सव 2026 की मेजबानी करेगा जयपुर

**अजय भारत न्यूज**

**जयपुर।** ऑल इंडिया काजू एसोसिएशन (एआईसीए) और नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनडीएफसीआई) के संयुक्त तत्वधान में 9 अगस्त, 2026 को जयपुर में काजू महोत्सव 2026 का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10÷00 बजे से शाम 7÷00 बजे तक होगा। एआईसीए काजू कन्वेंशन 2026 के साथ होने वाला इस महोत्सव में काजू के स्वाद, उसके अलग-अलग इस्तेमाल और उसकी खासियत को नए अंदाज में लोगों के सामने पेश किया जायेगा। कार्यक्रम में 13 जाने-माने शेफ काजू से बनी खास रेसिपीज़ तैयार करेंगे। वहीं, इनोवेशन जोन में काजू से जुड़े नए प्रोडक्ट्स और नए आइडियाज़ भी देखने को मिलेंगे। एक्सपीरियंस जोन में काजू की खेती से लेकर उसके पोषण और सेहत से जुड़े फायदों तक की जानकारी दी जाएगी। यहाँ स्वाद, नई सोच, संस्कृति और मनोरंजन का शानदार संगम देखने को मिलेगा।

महोत्सव में आने वाले लोग स्पिन द व्हील, गेस द काजू वेट, रिंग द काजू चैलेंज, इंटरैक्टिव गेम्स और आकर्षक इनामों जैसी कई मजेदार गतिविधियों का आनंद भी ले सकेंगे। पूरे दिन पारंपरिक राजस्थानी स्वागत, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और सांस्कृतिक कार्यक्रम महोत्सव की रौनक बढ़ाएँगे। मेहमान यहां प्रीमियम काजू के साथ-साथ काजू आइसक्रीम, कुकीज, शीरा, मफिन, काजू कतली और काजू से बने कई नए और स्वादिष्ट प्रोडक्ट्स का स्वाद भी ले सकेंगे। इस आयोजन के आधिकारिक कॉफी और आइसक्रीम पार्टनर कॉफी सूत्र और मॉली मू हैं। महोत्सव में 50 से ज्यादा फूड इन्फ्लुएंसर्स और ब्लॉगर्स, नामी शेफ, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स, क्यूलिनेरी स्टूडेंट्स, फूड आंत्रप्रेन्योर, मीडिया प्रतिनिधियों और देशभर से हजारों उम्मीद है।

# प्रदेशवासी अपने जीवन में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना के साथ स्थानीय उत्पादों को खरीदें : भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने हैंडलूम उत्पाद खरीदकर दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

अजय भारत न्यूज



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर जयपुर के एमआई रोड स्थित हैंडलूम स्टोर पहुंचकर विभिन्न उत्पाद खरीदे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से किए गए आह्वान को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार के उपक्रम हैंडलूम स्टोर से खरीददारी कर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर 'वोकल फॉर लोकल' के साथ हैंडलूम उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हथकरघा उद्योग लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। राजस्थान के विभिन्न जिलों में बनने वाले स्थानीय हैंडलूम उत्पाद देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचते हैं तथा बाडमेर से लेकर सांगानेर व बगरू के उत्पाद पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों में कारीगरों का परिश्रम और पसीना लगा है। हम सभी को उनके श्रम का सम्मान करते हुए स्थानीय उत्पादों को अपनाकर इन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने जीवन में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना के साथ स्थानीय उत्पादों को खरीदें ताकि छोटे-छोटे कारीगर एवं दुकानदार आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें एवं प्रदेश की समृद्ध धरोहर को नई पहचान मिले।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट एवं पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहित कर रही है। इन कार्यक्रमों के जरिए स्थानीय संस्कृति एवं कला के साथ ही जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा

# दुर्गा कॉलोनी में परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात का पर्दाफाश चार गिरफ्तार



धौलपुर..कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान लूट की घटना की जानकारी देते एसपी विकासा सांगवान

### रिश्ता कराने के बहाने घर में घुसे थे बदमाश, रिश्तेदारों ने रची साजिश

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में निहालगंज थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने शहर की दुर्गा कॉलोनी में रिश्ता कराने के बहाने घर में घुसकर डकैती की वारदात का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों को जानकारी थी कि पीड़ित परिवार की उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद में जमीन है और उसे बेचने के बाद करीब डेढ़ करोड़ रुपए मिलने वाले हैं। इसी रकम के घर पर होने की सूचना के आधार पर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अवैध कट्टा, कारतूस, बाइक, 7 हजार रुपए नकद और बैंक पासबुक बरामद की है। मामले में पीड़ित परिवार के कुछ रिश्तेदारों की भूमिका भी सामने आई है, जिनकी तलाश की जा रही है।

घटना 28 जुलाई की दोपहर दुर्गा कॉलोनी में हुई। पीड़ित सायरा खातून ने 29 जुलाई को निहालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक महिला और एक युवक अलीगढ़ से बेटे का रिश्ता लेकर उनके घर आए थे। बातचीत के दौरान चार अन्य लोग भी घर में घुस आए। घर में घुसने के बाद बदमाशों ने कट्टा दिखाकर परिवार के लोगों को बंधक बना लिया। उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद बदमाश घर से करीब 1.50 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात, तीन मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेज लूटकर फरार हो गए।

वारदात के बाद निहालगंज थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू की। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और वृत्ताधिकारी कृष्णराज जांगिड़ के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी बंटी, तेजसिंह, गुड्डू ठाकुर उर्फ निरस्तार सिंह और रंजीता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़ित परिवार की उत्तर प्रदेश में जमीन का सौदा चल रहा था। इसके बाद जांच की दिशा उत्तर प्रदेश में रहने वाले परिवार के रिश्तेदारों की ओर मुड़ी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पीड़ित पक्ष के कुछ रिश्तेदारों के वारदात में शामिल होने की जानकारी दी है। इसके आधार पर पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# प्रत्येक पात्र मतदाता को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए : श्रीनिधि बीटी

### आगामी नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तथा हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की जिला कलक्टर ने की समीक्षा

अजय भारत न्यूज



धौलपुर..जिला कलक्ट्रेट सभागार में आगामी चुनावों को लेकर बैठक लेते जिला कलक्टर व एसपी

**धौलपुर।** आगामी नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं प्रलोभन-मुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र मतदाता को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों एवं विधिक प्रावधानों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूचियों को अद्यतन करने, मतदान केन्द्रों की स्थापना, मतदान दलों के गठन, कार्मिकों के प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात उसकी प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाए तथा मतदाताओं को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करने तथा प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, छाया, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुरूप विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों से निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने, सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रत्येक गतिविधि की नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की कमी को

#### हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाएं

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि जिलेभर में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले, नगरीय निकाय, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान की शुरुआत 9 अगस्त को प्रातः 8 से 11 बजे तक तिरंगा प्रभात फेरी के साथ होगी। 10 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत में नागरिकों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी से ई-बाइक, साइकिल, ट्रैक्टर एवं तिरंगा रैलियां निकाली जाएंगी। 11 एवं 12 अगस्त को तिरंगा एवं वंदे मातरम विषयक प्रदर्शनियों एवं मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें तिरंगे के महत्व पर आधारित फोटो एवं वीडियो प्रदर्शनी, हस्तशिल्प, हाथ से तिरंगा निर्माण, राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी गतिविधियां तथा स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने के पश्चात उसे वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। इसी क्रम में 13 से 17 अगस्त तक सरकारी कार्यालयों, स्मारकों, प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जिन पर आमजन हस्ताक्षर कर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के संदेश अंकित कर सकेंगे। 14 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों तथा सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। वहीं, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण के साथ सभी नागरिकों को तिरंगा शपथ दिलाई जाएगी। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी

# जिला अस्पताल में स्थानीय खरीद की दवाओं के 4 नमूने लिए

### गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच हेतु राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे नमूने

अजय भारत न्यूज



धौलपुर...जिला अस्पताल में दवाओं के नमने लेते औषधि नियंत्रण टीम

**धौलपुर ।** जिला अस्पताल में स्थानीय खरीद के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में जिला कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण धौलपुर द्वारा यह कार्रवाई की गई।

सहायक औषधि नियंत्रक अनुभव शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जिला अस्पताल के स्टोर में स्थानीय खरीद की विभिन्न दवाओं का निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता परीक्षण के लिए कुल 4 दवाओं के नमूने लिए गए। नमूने औषधि निरीक्षक राजेश कटारा द्वारा नियमानुसार लिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि लिए गए नमूनों में मुख्य रूप से दर्द निवारक, एंटीबायोटिक, मधुमेह, गैस एवं अन्य रोगों में उपयोग होने वाली दवाएं शामिल हैं। सभी नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षण के लिए राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके उचित रख-रखाव, भंडारण एवं रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में संबंधित स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी के लिए आगे भी निरीक्षण एवं नमूने लेने की कार्रवाई

#### 12 सैंपल लिए गए—दवाओं के साथ मेडिकल डिवाइस भी जांच के दायरे में

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा गत माह एवं इस माह में अब तक कुल 12 सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें जीवन रक्षक औषधियों के साथ-साथ आई वी केनुला एवं सिरिंज जैसे मेडिकल डिवाइस भी शामिल हैं। इससे स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं एवं चिकित्सा सामग्री की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

# तिरंगा यात्रा के माध्यम से घर-घर फैलाएंगे राष्ट्रभक्ति : राजावत

### जिला भाजपा कार्यालय पर यात्रा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

अजय भारत न्यूज



धौलपुर..भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत

**धौलपुर।** जिला भाजपा कार्यालय पर राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे घर-घर तिरंगा अभियान यात्रा की धौलपुर में एक कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुखराम कोली, डा शिवचरण कुशवाहा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज शर्मा, पूर्व मंत्री जगनमोहन बघेला, पूर्व जिला अध्यक्ष बांके लाल लोधा, प्रदेश मंत्री वीके कुशवाहा, कार्यक्रम सह संजोयक राहुल राना मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को बोलते हुए जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू होगा। 11 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाने, हर बूथ पर अधिकतम घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना, कार्यकर्ता घर-घर और दुकान-दुकान तिरंगा वितरित करेंगे। पार्टी का कहना है कि इसका मकसद राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश हर घर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का संचालन कमल पहाड़िया ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम सहसंयोजक राहुल राणा ने सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता पर उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा के लिए जिला टीम इस प्रकार है तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक डॉ.मनोज शर्मा, सह संयोजक भूपेंद्र घुरइया पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा और राहुल राणा युवा मोर्चा बनाए गए हैं। चारों विधानसभाओं के संयोजक विधानसभा प्रत्याशी राजाखेड़ा नीरजा शर्मा, धौलपुर से डॉ.शिवचरण कुशवाहा, बाड़ी से गिरिराज सिंह मलिंगा, बसेड़ी से सुखराम कोली को संयोजक बनाया गया हैं और तिरंगा यात्रा का अभियान 10 अगस्त से 14 अगस्त तक गति को प्रदान करेगा, 11अगस्त को तिरंगा यात्रा राजाखेड़ा में 13 अगस्त को तिरंगा बसेड़ी में 12 तारीख बाड़ी एवं

### जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का सद्भावना सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 10 को

अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर अल्पसंख्यक विभाग का सद्भावना सम्मेलन एवं शपथपत्र ग्रहण समारोह 10 अगस्त दोपहर 2 बजे कृष्णा मैरिज होम तुलसी वन रोड बाड़ी में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राजस्थान एवं चेयरमैन (पूर्व राज्यमंत्री) राजस्थान मदरसा बोर्ड राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। जिला अल्पसंख्यक विभाग की अध्यक्ष शबनम खान के अनुसार सद्भावना सम्मेलन एवं शपथपत्र ग्रहण समारोह में गरिमामयी उपस्थिति लोकसभा सांसद भजनलाल जाटव, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष, विधायक रोहित वोहरा, जिला अध्यक्ष, विधायक संजय कुमार जाटव, धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, बाड़ी विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा कार्यक्रम के अतिथि होंगे इस जिला स्तरीय सम्मेलन में जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष गण, अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष, जन प्रतिनिधि सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहेंगे । यह जानकारी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव सुलेमान फारुकी ने दी।

# केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा ने मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षण का किया आयोजन




अजय भारत न्यूज

**धौलपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा द्वारा अनुसूचित जनजाति विकास कार्ययोजना के अंतर्गत ग्राम-नारायणपुरा में मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम में 40 अनुसूचित जनजाति के बकरी पालक महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के ज्ञान एवं कौशल का विकास करते हुए उन्हें वैज्ञानिक बकरी पालन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना एवं बारिश के मौसम में बकरियों के प्रबंधन पर ध्यान आकर्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों के बकरी शेडों का भी निरीक्षण किया गया एवं बकरी स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। किसान- वैज्ञानिक चर्चा में किसानों की समस्याओं के अनुसार सुधार एवं बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक तकनीकी परामर्श एवं सुझाव दिए गए। बेहतर बकरी पालन को प्रोत्साहित करने हेतु लाभार्थियों को आवश्यक पशुपालन संबंधी आवश्यक सामग्री (इनपुट) भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, किसानों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अनुपम कृष्ण दीक्षित प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी डीएपीएसटी, विनोद कुमार शर्मा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, संदीप कुमार वाईपी एवं मंजरी फाउंडेशन से सतेंद्र सिंह सेंगर और उनकी टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों प्रशिक्षण के बाद नियुक्ति को लेकर कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

अजय भारत न्यूज



**धौलपुर।** प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के लिए चयनित किए गए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने नियुक्ति की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। स्वयंसेवकों का कहना है कि सरकार ने आपदा प्रबंधन और राहत-बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला एवं तहसील स्तर पर उनका चयन किया था, लेकिन प्रशिक्षण पूरा होने के बावजूद करीब आठ माह से उन्हें ड्यूटी पर नियुक्ति नहीं दी गई है। ज्ञापन में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने बताया कि वर्तमान समय में बाढ़, जलभराव, आगजनी, सड़क हादसे सहित प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में प्रशिक्षित सिविल डिफेंस स्वयंसेवक प्रशासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों ने बताया कि उनका निर्धारित 10 दिवसीय और 7 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रशिक्षण के बाद भी आठ माह से नियुक्ति नहीं मिलने के कारण युवाओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा सद्गुरू कृपा प्रकाशन, शांति विद्यापीठ केम्पस ग्वालियर रोड मुरैना से मुद्रित एवं कोर्ट रोड धौलपुर (राज.) से प्रकाशित। मो. 094251-26037 R.N.I. पंजीयन क्रमांक RAJHIN/2014/55926
स्थानीय संपादक चन्द्रमोहन त्रिवेदी मोबा. 9351631234, 8769954854, धौलपुर सिटी कार्यालय - साईं स्मार्ट सिटी, मचकुण्ड रोड धौलपुर email-ajaybharatmorena@gmail.com